www.navpradesh.com

दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, रविवार 24 जुलाई 2022, कृष्ण पक्ष एकादशी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-149 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

जब गलत पासवर्ड से एक छोटा सा मोबाइल नहीं खुलता, तो गलत कर्मों से जन्नत के दरवाजे कैसे खुलेंगे..!!

आज बेबाक

उम्र के आखिरी पड़ाव में वरिष्ठ नागरिक अपने बच्चों पर आश्रित होकर रह जाते है। इनमें से अधिकांश को तो पेंशन का भी सहारा नहीं होता। ऐसे बुजुर्गों को कहीं आने जाने के लिए रेलवे रियायती दरों पर टिकट उपलब्ध कराता था। जिसपर सरकार को लगभग 15 सौ करोड़ रूपए सालाना भार पड़ता था। रेलवे ने घाटे का हवाला देकर वरिष्ठ नागरिकों से यह सुविधा छीन ली है। जो बुजुर्गों के साथ क्रूर मजाक है। सरकार को अपने इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। रेलवे को घाटे से उबारना ही है तो माननीयों की मुफ्त रेल यात्रायों पर रोक लगानी चाहिए।

सूर्योदय

उदय : 5.34 प्रात:

अस्त : 6.46 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,962,089,647

भारत : 1,408,379,468

बाजार

सेंसेक्स : 55681.95

निफ्टी : 16,523.55

गोल्ड : 50,180 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 61,000 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.11 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	30.0	24.9
बिलासपुर	32.4	26.4
जगदलपुर	27.5	23.0
अंबिकापुर	29.5	24.4

आज का दिवस

आयकर दिवस

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने 24 जुलाई 2021 को 161वां आयकर दिवस (जिसे Income Tax Day भी कहा जाता है) मनाया। भारत में, आयकर दिवस हर साल 24 जुलाई को मनाया जाता है, क्योंकि सर जेम्स विल्सन (Sir James Wilson) द्वारा भारत में पहली बार 24 जुलाई 1980 को आयकर पेश किया गया था। इस कर का उद्देश्य 1857 में ब्रिटिश शासन के खिलाफ स्वतंत्रता के पहले युद्ध के दौरान ब्रिटिश शासन को हुए नुकसान की भरपाई करना था। 24 जुलाई को पहली बार 2010 में आयकर दिवस के रूप में मनाया गया था।

स्वामी विवेकानंद ने जीवन भर युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया : सीएम

- **मुख्यमंत्री शामिल हुए 'विवेकानंद राष्ट्रीय युवा सम्मेलन' में**
- **आज समाज में स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को बढ़ाने की आवश्यकता है**

रायपुर/नवप्रदेश। स्वामी विवेकानंद ने जीवन भर युवाओं को अच्छे स्वास्थ और अच्छे चरित्र निर्माण के साथ लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदर्श हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्वामी विवेकानंद जी की स्मृति में बनने वाला राष्ट्रीय स्मारक अब तक स्थापित उनके सभी स्मारकों से किसी बात में कम नही होगा, हमारी कोशिश होगी कि यह स्मारक सबसे बेहतर हो। सीएम भूपेश बघेल शनिवार को रायपुर के कोटा स्थित

विवेकानंद विद्यापीठ में आयोजित 'विवेकानंद राष्ट्रीय युवा सम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि स्वामी विवेकानंद के अमेरिका में तीन और भारत में 12 स्मारक हैं। रायपुर में बनने वाला स्मारक स्वामी विवेकानंद का 16वां स्मारक होगा। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में उपस्थित रामकृष्ण मिशन और विवेकानंद विद्यापीठ के पदाधिकारियों, सम्मेलन के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत

मुख्यमंत्री ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज समाज मे स्वामी विवेकानंद जी के विचारों के प्रसार और उन्हें आत्मसात करने की जरूरत है। छत्तीसगढ़ से विवेकानंद जी का गहरा लगाव रहा है। कलकत्ता के बाद स्वामी विवेकानंद ने रायपुर में सबसे ज्यादा समय बिताया। स्वामी विवेकानंद के नाम पर रायपुर के एयरपोर्ट का नामकरण किया गया। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने संस्मरण बताया कि उन्होंने विपक्ष में रहते हुए रायपुर एयरपोर्ट का नाम विवेकानंद के नाम पर रखने के लिए विधानसभा में एक अशासकीय संकल्प लाया था। स्वामी विवेकानंद का व्यक्तित्व इतना विराट है कि उनके नाम पर पक्ष-विपक्ष के सदस्यों ने सहमति व्यक्त की और संकल्प विधानसभा में पारित हुआ।

शिक्षा भर्ती घोटाला : ईडी ने मंत्री के करीबी अर्पिता को किया गिरफ्तार

- **ममता के मंत्री पार्थ चटर्जी को दो दिन की रिमांड पर लिया ईडी ने**

कोलकाता (ए.)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के उद्योग और वाणिज्य मंत्री पार्थ चटर्जी को कथित शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में गिरफ्तारी के बाद कोलकाता के बैंकशाल कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने ईडी को चटर्जी की दो दिन की कस्टडी दी है। उधर, चटर्जी के बाद उनकी करीबी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी की भी गिरफ्तारी हो चुकी है। बता दें कि अर्पिता के घर नोटों का अंबार मिला है। उनके घर 21

करोड़ से ज्यादा कैश मिला। नोटों की गिनती के लिए बैंकों से मशीनें मंगाई गई थी।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार में कद्दावर मंत्री पार्थ चटर्जी, जो कथित घोटाला के वक्त राज्य के शिक्षा मंत्री थे, को ईडी अधिकारियों द्वारा दक्षिण कोलकाता में उनके घर पर लगभग 26 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। कोर्ट ने पार्थ चटर्जी को दो दिन की ईडी रिमांड दी गई है।

नोटों को ले जाने के लिए लाना पड़ा ट्रक: जानकारी के अनुसार, अर्पिता के घर ईडी के अधिकारी बीती शाम से छापेमारी कर रही है। घर में मिले नोटों के जखीरे की गिनती के लिए बैंक से मशीनें मंगाई गई। अब तक 21.20 करोड़ रुपए कैश बरामद किए गए हैं। इतना ही नहीं मीडिया रिपोर्ट्स हैं कि ईडी के अधिकारियों को नोट ले जाने के लिए ट्रक बुलाना पड़ा। बक्सों में भरकर नोटों को ट्रक में लादा गया और रवाना किया गया।

दिव्यांगों के आवागमन उपकरणों पर जीएसटी लगना गंभीर मुद्दा : सुको

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने दिव्यांगों के इस्तेमाल वाले आवागमन साधनों पर माल एवं सेवा कर लगाए जाने को गंभीर मुद्दा बताते हुए शुक्रवार को कहा कि यह व्यापक जनहित से जुड़ा मसला है। जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ ने कहा कि दिव्यांगों के चलने-फिरने में मददगार उपकरणों पर जीएसटी लगाए जाने का मामला गंभीर है। इसके साथ ही अन्य चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी के मुद्दे से भी निपटना होगा।

याचिकाकर्ता के वकील जय देहदरई ने न्यायालय को बताया कि यह मामला पहले 26 अक्टूबर, 2020 को सूचीबद्ध हुआ था लेकिन इस मामले में मंत्रालय के समक्ष पक्ष रखने की अनुमति दे दी

गई थी। उन्होंने कहा कि पक्ष रखने के बावजूद व्हीलचेयर जैसे उपकरणों पर अब भी जीएसटी लग रहा है। उन्होंने दिव्यांगों के लिए मददगार साधनों पर जीएसटी लगाए जाने पर आपत्ति जताते हुए कहा, किसी भी सक्षम व्यक्ति को पैदल चलने के लिए कोई कर नहीं देना होता है।

इस पर पीठ ने कहा, हम इसे गंभीर मामला मानते हैं और यह व्यापक सार्वजनिक हित से जुड़ा मसला है। आपकी बात में दम है... समस्या यह है कि हम नीतिगत बंधनों को किस तरह तोड़ सकते हैं। इसके अलावा हमें अन्य चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी के मुद्दे से भी निपटना पड़ सकता है। अटॉर्नी जनरल वेणुगोपाल ने याचिकाकर्ताओं को जीएसटी परिषद के समक्ष पक्ष रखने का सुझाव दिया था।

नहीं रहे 'भाबी जी घर पर हैं' के मलखान

- **एक्टर दीपेश भान का निधन**

नई दिल्ली (ए.)। भाबी जी घर पर हैं को लेकर एक बड़ी और शॉकिंग खबर सामने आई है। शो में मलखान का किरदार निभाने वाले दीपेश भान का निधन हो गया है। आज सुबह ही वह इस दुनिया को छोड़कर चले गए। अभी तक एक्टर के निधन के पीछे की वजह सामने नहीं आई है। लेकिन रिपोर्ट्स की मानें तो एक्टर सुबह क्रिकेट खेल रहे थे और तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया। दीपेश की को-स्टार चारुल मलिक ने इस

खबर को सोशल मीडिया पर शेयर किया और लिखा, 'मुझे अभी तक यकीन नहीं हो पा रहा है। मुझे सुबह ही पता चला उनके बारे में। मैं उन्हें 8 साल से जानती थी और वह सेट पर वह मेरे सबसे क्लोज थे। वह मुझे कई बार एक्टिंग टिप्स भी देते थे।'

पाक : इमरान खान को बड़ा झटका हमजा फिर बने पंजाब के सीएम

- **पीटीआई समर्थकों का प्रदर्शन**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब में इमरान खान की पार्टी PTI को तगड़ा झटका लगा है. प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बेटे हमजा शरीफ एक बार फिर से पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री बन गए हैं. पाकिस्तान के पंजाब विधानसभा के लिए हुए उपचुनावों में इमरान की पार्टी ने जबरदस्त कामयाबी हासिल की थी. PTI ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 20 में से 15 सीटों पर कब्जा किया था.

हमजा शरीफ ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के उम्मीदवार परवेज इलाही को हार दिया है. इसी के साथ वे मुख्यमंत्री बने रहेंगे. पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर ने पीएमएल-क्यू के 10 वोट रद्द कर दिए. जिसके कारण PTI के परवेज इलाही को 176 वोट मिले. वहीं हमजा शरीफ को 179 वोट मिले. इस तरह से सिर्फ 3 वोट से इलाही को हार का सामना करना पड़ा है. वहीं PTI ने डिप्टी स्पीकर के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का फैसला लिया है. पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर के फैसले के विरोध में PTI समर्थकों ने हल्ला बोल दिया है. इमरान समर्थकों ने इस्लामाबाद, कराची, मुल्तान, लाहौर, पेशावर में विरोध प्रदर्शन किए हैं.

तिहाड़ जेल में भूख हड़ताल पर बैठा यासीन मलिक

नई दिल्ली। दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद यासीन मलिक शुक्रवार सुबह से भूख हड़ताल पर है। मलिक ने आरोप लगाया है कि उसके मामले की ठीक से जांच नहीं हो रही है। जेल अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। उससे भूख हड़ताल तुड़वाने के लिए जेल के अधिकारियों ने बात की और उसे मनाने की कोशिश की। हालांकि, अभी तक इसमें कामयाबी नहीं मिली है। अप्रैल, 2019 में एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में टेरर-फंडिंग और

अलगाववादी समूहों से जुड़े मामले में मलिक को गिरफ्तार किया था। एक साल बाद मार्च, 2020 में मलिक और उसके छह साथियों पर आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधि अधिनियम , शस्त्र अधिनियम 1959 और रणबीर दंड संहिता के तहत आरोप लगाए गए।

स्मृति ईरानी को तुरंत बर्खास्त करें मोदी : कांग्रेस

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की बर्खास्तगी की मांग करते हुए शनिवार को कहा कि उनकी बेटी अपनी मां के ओहदे का इस्तेमाल करके गोवा में फर्जी लाइसेंस से 'कैफे एंड बार' चला रही हैं।

कांग्रेस संचार विभाग की प्रमुख जयराम रमेश, मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा और महिला कांग्रेस अध्यक्ष नेटा डिसूजा ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सूचना के अधिकार-आरटीआई से खुलासा हुआ है कि श्रीमती ईरानी की पुत्री जोइश ईरानी ने

गोवा में स्थित अपने 'सिली सोल्स कैफे एंड बार' के लिए फ़र्ज़ी दस्तावेज़ के ज़रिए 'बार लाइसेंस' जारी करवाया है।

श्री डिसूजा ने कहा कि आरटीआई लगाने वाली वकील को सूचना मिली है कि गत 22 जून को बार के लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए जिस 'एंथनी डीगामा' के नाम से आवेदन किया गया उनकी पिछले साल मई में ही मौत हो चुकी है और आरटीआई लगाने वाले वकील को इनका मृत्यु प्रमाण पत्र भी मिला है। एंथनी के आधार कार्ड से पता चला है कि वह मुंबई के विले पार्ले के रहने वाले थे।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मामला विषय केंद्रीय मंत्री से जुड़ा है इसलिए सारे नियम ताक पर रख कर लाइसेंस जारी किया गया।

कांग्रेस नेताओं पर केस करेंगी स्मृति इरानी

- **केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सोनिया और राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाया**

नई दिल्ली (ए.) गोवा में एक कैफे को लेकर छिड़े विवाद पर केंद्रीय मंत्री और बीजेपी सांसद स्मृति ईरानी ने कांग्रेस और गांधी परिवार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता, गांधी परिवार के इशारे पर मेरी बेटी का कैरेक्टर असेसिनेशन (चरित्र हनन) कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब वो नहीं रुकने वालीं, वो कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कोर्ट जाएंगी।

खेड़ा और रमेश पर बरसीं ईरानी

स्मृति ईरानी ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, '18 वर्ष की मेरी बेटी जो राजनीति में नहीं है, कॉलेज की छात्रा है, कांग्रेस नेताओं ने उसकी छवि धूमिल करने की कोशिश की है। अब मैं कोर्ट जाऊंगी और एक-एक से हिसाब लूंगी।' उन्होंने कहा, पवन खेड़ा और जयराम रमेश ने मेरी बेटी का नाम लिया है। मेरा सवाल है कि आरटीआई के जवाब में मेरी बेटी का नाम कहां है?'

सब गांधी परिवार के निर्देशन में हो रहा है : ईरानी - ईरानी ने कहा कि यह सब गांधी परिवार के निर्देश पर हुआ है। उन्होंने कहा, 'मैं 5,000 करोड़ रुपये की लूट के लिए सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर सवाल उठाती रहती हूं, इस कारण ये सब उन्हीं के निर्देशों पर हो रहा है।'

हाथरस में डंपर ने कावंड़ियों को रौंदा, छह लोगों की मौत

हाथरस (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में हाथरस के सादाबाद क्षेत्र में एक डंपर ने गंगाजल लेकर जा रहे सात कांवड़ियों को कुचल दिया। इनमें से छह की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल है। सभी मृतक ग्वालियर जिले के रहने वाले हैं। वे हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौट रहे थे। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि यह हादसा बीती रात करीब डेढ़ बजे सादाबाद मार्ग पर बढार गाँव के पास हुआ।

गरमा-गरम

उपलब्धि... **लंदन में बनीं सबसे कम उम्र की स्पीकर**

गुजरात की हुमैरा गरासिया ने ब्रिटेन में रचा इतिहास

सूरत (ए.)। एक ओर जहां ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद के लिए भारतीय मूल के ऋषि सुनक का नाम लगातार चर्चाओं में है, वहीं दूसरी ओर भारतीय मूल की हुमैरा गरासिया अंग्रेजों के देश में इतिहास रच दिया है। 25 साल की गरासिया ने लंदन बरो ऑफ हैकनी की सबसे कम उम्र की स्पीकर बन गई हैं।

गरासिया का परिवार मूल रूप से गुजरात के वलसाड का रहने वाला है और उनके पिता छोटी उम्र में ही ब्रिटेन चले गए थे। सिर्फ 15 साल की उम्र में गरासिया सक्रिय राजनीति में आ गई थीं। वह खुद को भारतीय मूल की एक गुजराती मानती हैं। उन्होंने लंदन विश्वविद्यालय से राजनीति से बीए की पढ़ाई की है। एक गोदाम में काम करने

वाले उनके पिता रफीक अहमद वलसाड के नाना तैवाद से हैं, जबकि उनकी मां नजमा भरूच से हैं। गरासिया ने कहा, 'मैं पूरे ब्रिटेन में भारतीय मूल की सबसे कम उम्र की स्पीकर/सिविक मेयर हूं और लंदन बरो ऑफहैकनी की अब तक का सबसे कम उम्र की स्पीकर हूं।'

हर साल वालसाड आती हैं गरासिया

रिपोर्ट के मुताबिक, गरासिया ने कहा, 'मुझे साल 2018 में 21 साल की उम्र में पार्षद के रूप में चुना गया था और उसके बाद मैंने चार साल का कार्यकाल पूरा किया। मैं उस समय काउंसलर के रूप में निर्वाचित होने वाली भारतीय मूल की सबसे कम उम्र की नेता थी। मुझे मई 2022 में एक बार फिर से पार्षद के रूप में चुना गया।' उन्होंने कहा, 'मैं असमानता के मुद्दों पर फोकस करूंगी और नस्लवाद और भेदभाव जैसे मुद्दों से निपटने की कोशिश करूंगी। लंदन में जन्मी और पली-बढ़ी गरासिया के माता-पिता करीब 35 साल पहले गुजरात से चले गए थे। गरासिया हर साल अपने परिवार के साथ वलसाड आती हैं।

फिर रोक दी गई अमरनाथ यात्रा

- **खराब मौसम और जम्मू-कश्मीर राजमार्ग की बुरी हालत वजह**

जम्मू (ए.)। खराब मौसम और जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की बुरी हालत के चलते जम्मू से अमरनाथ यात्रा शुक्रवार को रोक दी गई. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि जम्मू से किसी भी नए जत्थे को आधार शिविर की ओर जाने नहीं दिया जा रहा है. अधिकारियों के मुताबिक, रामबन जिले में विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश के बाद भूस्खलन और पत्थर गिरने के कारण बंद राष्ट्रीय राजमार्ग को गुरुवारो रात एक तरफ से यातायात के लिए खोल दिया गया था.

यात्रा प्रबंधन से जुड़े एक अधिकारी ने कहा, ''राजमार्ग की बुरी हालत और खराब मौसम को देखते हुए जम्मू से अमरनाथ यात्रा रोक दी गई है.'' इससे पहले 10 और 11 जुलाई को भी खराब मौसम के चलते जम्मू से अमरनाथ यात्रा निलंबित कर दी गई थी. अधिकारियों के अनुसार, राजमार्ग पर आवाजाही पूरी तरह से शुरू होने की स्थिति में शाम से जम्मू से एक बार फिर यात्रा की अनुमति दी जा सकती है. अब तक कुल 22 दिनों में 2.29 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं. बाबा बर्फानी की गुफा तक पहुंचने के केवल दो रास्ते हैं पहला छोटे उत्तरी कश्मीर का बालटाल मार्ग या फिर लंबे दक्षिण कश्मीर का पहलगाम मार्ग. बालटाल मार्ग से जाने वालों को गुफा तक पहुंचने के लिए 14 किमी की चढ़ाई करनी पड़ती है.

मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती वर्षा ऋतु

वर्षा ऋतु भारत के चार मुख्य मौसमों में से एक है। यह हर साल गर्मियों के मौसम के बाद विशेष रूप से जुलाई के महीने में और सितंबर में समाप्त होता है। आकाश में बादल तब बरसते हैं, जब मानसून होता है। गर्मी के मौसम में यह बहुत गर्म हो जाता है और महासागर, नदियों आदि जैसे जल संसाधनों से आकाश में वाष्प के रूप में ऊपर चला जाता है। वाष्प आकाश में एकत्र हो जाते हैं और बादल बनाते हैं जो बरसात के मौसम में चलते हैं जब मानसून चल पड़ता है और बादल एक-दूसरे के घर्षण में आते हैं। यह गरजना, बिजली चमकना और फिर बारिश होना शुरू हो जाता है।

मानसून और उसकी दस्तक

दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने आखिरकार पांच दिनों की देरी के बाद देशभर के हिस्से को आच्छादित कर लिया. विभिन्न राज्यों में धान की बुवाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे खिल गए. उत्तर भारत के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई. दक्षिण-पश्चिम मॉनसून आमतौर पर 8 जुलाई को पूरे देश में दस्तक दे देता है. लेकिन इस साल देर हुई. पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान के कुछ हिस्सों में बारिश हुई है. इस साल, मॉनसून 12 जुलाई को दिल्ली से पहले राजस्थान के जैसलमेर और गंगानगर के अपने आखिरी पड़ावों पर पहुंचा. आमतौर पर, मॉनसून दिल्ली में आने के लगभग नौ दिन बाद 8 जुलाई को इन दोनों जिलों में पहुंचता है. मॉनसून के लिएदिल्ली का इंतजार आज इसके कुछ हिस्सों में बारिश के बाद खत्म हो गया. मौसम अधिकारियों का कहना है कि इसकी शुरूआत निर्धारित समय से दो सप्ताह की देरी से हुई है, जिससे यह 19 वर्षों में सबसे अधिक विलंबित हो गया है. पिछले एक महीने के दौरान मौसम विभाग ने सटीक भविष्यवाणी करने के लिए संघर्ष किया कि मॉनसून राजधानी में कब पहुंचेगा और उसे तब तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा जब मॉनसून ने अनुकूल परिस्थितियों के बावजूद कई बार दिल्ली वालों को निराश किया. मंगलवार को मॉनसून आखिरकार राष्ट्रीय राजधानी पहुंचा. सफदरजंग वेधशाला ने आज सुबह 8:30 से शाम 5:30 बजे के बीच 28.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की. कुल मिलाकर, दिल्ली में अब तक सामान्य से 65 फीसदी कम बारिश हुई है, जिससे यह 'वर्षा की बड़ी कमी' वाले राज्यों की श्रेणी में आ गया है।

वर्षा ऋतु में मंदाग्नि, वायुप्रकोप, पित्त का संचय आदि दोषों की अधिकता होती है । इस ऋतु में भोजन आवश्यकता से थोड़ा कम करोगे तो आम (कच्चा रस) तथा वायु नहीं बनेंगे या कम बनेंगे, स्वास्थ्य अच्छा रहेगा । भूल से भी थोड़ा ज्यादा खाया तो ये दोष कुपित होकर बीमारी का रूप ले सकते हैं। काजू, बादाम, मावा, मिठाइयाँ भूलकर भी न खायें, इनसे बुखार और दूसरी बीमारियाँ होती हैं । अशुद्ध पानी पियेंगे तो पेचिश व और कई बीमारियाँ हो जाती हैं । अगर दस्त हो गये हों तो खिचड़ी में देशी गाय का घी डाल के खा लो तो दस्त बंद हो जाते हैं । पतले दस्त ज्यादा समय तक न रहें इसका ध्यान रखें। बरसाती मौसम के उत्तरकाल में पित्त प्रकुपित होता है इसलिए खट्टी व तीखी चीजों का सेवन वर्जित है। जिन्होंने बेपरवाही से बरसात में हवाएँ खायी हैं और शरीर भिगाया है, उनको बुढ़ापे में वायुजन्य तकलीफों के दुःखों से टकराना पड़ता । इस ऋतु में खुले बदन घूमना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। बारिश के पानी में सिर भिगाने से अभी नहीं तो 20 वर्षों के बाद भी सिरदर्द की पीड़ा अथवा घुटनों का दर्द या वायु-संबंधी रोग हो सकते हैं । जो जवानी में ही धूप में सिर ढकने की सावधानी रखते हैं उनको बुढ़ापे में आँखों की तकलीफें जल्दी नहीं होतीं तथा कान, नाक आदि निरोग रहते हैं । बदहजमी के कारण अम्लपित्त की समस्या होती है और बदहजमी से जो वायु ऊपर चढ़ती है उससे भी छाती में पीड़ा होती है । वायु और पित्त का प्रकोप होता है तो अनजान लोग उसे हृदयाघात मान लेते हैं। डर जाते हैं । इसमें डरें नहीं, 50 ग्राम जीरा सेंक लो व 50 ग्राम सौंफहलकी सेंक लो तथा 20-25 ग्राम काला नमक लो और तीनों को कूटकर चूर्ण बना के घर में रख दो ।

भारतीय किसानों के लिए वर्षा ऋतु का महत्व

भारतीय किसानों के लिए वर्षा ऋतु का बहुत महत्व है क्योंकि उन्हें अपनी फसलों की खेती के लिए वास्तव में अधिक पानी की आवश्यकता होती है। किसान आमतौर पर खेतों में आगे उपयोग के लिए बरसात के पानी को इकट्ठा करने के लिए कई गड्ढे और तालाब बनाते हैं। वर्षा ऋतु वास्तव में कृषकों के लिए भगवान से एक वरदान है। वे वर्षा देव की पूजा करते हैं, अगर इसके बाद बारिश नहीं होती है और अंत में वे बारिश से धन्य हो जाते हैं। आकाश में बहुत सारे सफेद, भूरे और गहरे काले बादल दिखाई देते हैं, जो आकाश में यहाँ और वहाँ से चलते हैं। मानसून आने पर बादलों को चलाने में बहुत सारा पानी और बारिश होती है।

केरल के लिए आईएमडी ने जारी किया येलो अलर्ट

केरल में, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के प्रभाव में राज्य के कई हिस्सों में बारिश जारी है और मौसम विभाग ने पहाड़ी इडुक्की जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट और 11 अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कोट्टायम, पतनमतिट्टा, कोल्लम, एर्नाकुलम, त्रिशूर, पलक्कड़, मलप्पुरम, कोझीकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों के लिए मंगलवार के वास्ते येलो अलर्ट जारी किया है. हरियाणा और पंजाब के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के बाद तापमान सामान्य सीमा से नीचे रहा. मौसम विभाग के अनुसार, हरियाणा के कई स्थानों पर बारिश हुई, जबकि अमृतसर और पटियाला सहित पंजाब के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई. हरियाणा के करनाल में दिन के दौरान (190 मिमी) बारिश हुई, जबकि हिसार, रोहतक, गुरुग्राम और भिवानी में भी बारिश हुई. मौसम विभाग ने कहा कि उत्तर प्रदेश में छिटपुट स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई. ललितपुर, बरेली, कुशीनगर, झांसी, हाथरस, बुलंदशहर, कन्नौज, संत कबीर नगर, लखनऊ, सिद्धार्थ नगर, बांदा, महोबा, संभल और अलीगढ़ में बारिश हुई. फतेहगढ़ यूपी का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां पारा 39.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

बरसात के मौसमी फायदे

बारिश का मौसम सभी को पसंद आता है क्योंकि यह सूरज की तेज गर्मी से बहुत राहत देता है। यह पर्यावरण से सभी गर्मी को दूर करता है और सभी को ठंडा एहसास देता है। यह पौधों, पेड़ों, घासों, फसलों, सब्जियों आदि को ठीक से बढ़ने में मदद करता है। यह जानवरों के लिए भी एक अनुकूल मौसम है, क्योंकि यह उन्हें चरने के लिए बहुत सारी हरी घास और छोटे पौधे देता है।

वर्षा ऋतु के नुकसान:

जब बारिश होती है, तो सभी सड़कें, योजना क्षेत्र और खेल के मैदान पानी और कीचड़ से भरे हो जाते हैं। इसलिए, हमें रोज़ाना खेलने में बहुत समस्याएँ आती हैं। बिना सूरज की रोशनी के, घर की हर चीज महकने लगती है। सही धूप की कमी की वजह से संक्रामक रोगों (जैसे वायरल, फंगल और बैक्टीरियल रोगों) के फैलने का खतरा काफी हद तक बढ़ जाता है।

आखिरकार, बारिश का मौसम ज्यादातर सभी को पसंद आता है। यह हर जगह हरा दिखता है। पौधों, पेड़ों और लताओं को नए पत्ते मिलते हैं। फूल खिलने लगते हैं। हमें आकाश में एक सुंदर इंद्रधनुष देखने का एक बड़ा अवसर मिलता है। कभी-कभी सूरज अस्त हो जाता है और कभी-कभी बाहर आ जाता है, इसलिए हम सूरज की लुका-छिपी देखते हैं। मोर और अन्य वन पक्षी अपने पंख फैलाकर पूरे जोश में नाचने लगते हैं। हम स्कूल में और साथ ही घर में अपने दोस्तों के साथ पूरी बारिश के मौसम का आनंद लेते हैं। भारत में वर्षा ऋतु का आगमन जुलाई के महीने में होता है तथा सितंबर के महीने तक वर्षा होती रहती है । यह ऋतु किसानों के लिए वरदान सिद्ध होती है । वे इस ऋतु में खरीफ की फसल बोते हैं । वर्षा ऋतु वनस्पतियों के लिए भी वरदान होती है । वर्षा काल में पेड-पौधे हरे-भरे हो जाते हैं । वर्षा-जल से उनमें जीवन का संचार होता है । वन-उपवन और बाग-बगीचों में नई रौनक और नई जवानी आ जाती है । ताल-तलैयों व नदियों में वर्षा-जल उमड़ पड़ता है । धरती की प्यास बुझती है तथा भूमि का जलस्तर बढ़ जाता है । मेढक प्रसन्न होकर टर्र-टर्र की ध्वनि उत्पन्न करने लगते हैं । झींगुर एक स्वर में बोलने लगते हैं । वनों में मोरों का मनभावन नृत्य आरंभ हो जाता है । हरी-भरी धरती और बादलों से आच्छादित आसमान का दृश्य देखते ही बनता है । वर्षा ऋतु गर्मी से झुलसते जीव-समुदाय को शांति एवं राहत पहुंचाती है । लोग वर्षा ऋतु का भरपूर आनंद उठाते हैं ।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सब कुछ मुफ्त

सब कुछ मुफ्त है, सब कुछ। बस हमें एक पूर्ण विकसित जीवन भर बनना है। क्या हम ही धरती को सूरज के चारों तरफ घुमा रहे हैं। हाहाहा, नहीं ना, सब कुछ स्वतः हो रहा है और सब कुछ मुफ्त है, जो भी अमूल्य है मुफ्त है। बस चैन से रहिए, सरलज्, परम सरल। और इसके अलावा सृष्टि हम से कुछ नहीं चाहती। मजे कीजिए, हा हा हा। **- राकेश मिश्रा**

कभी बरसात बन

कभी बरसात बन बरसो,नयन में के द्वार पे हमदम। कभी मल्हार बन गूंजो,अधर के द्वार पे हमदम।। लिखो जीवन के दर्पण पे अनोखी एक कहानी तुम। कभी साकार बन आओ,हृदय के द्वार पे हमदम।। **- सविता वर्मा ग़ज़ल**

खास पाती

बेटे तो सबके अच्छे

बेटे तो सबके अच्छे होते हैं पर बहुएं अच्छी आ जायें तो जीवन रुपी गाड़ी पटरी पर सरपट दौड़ने लगती है जीवन के सुहावने सफर का मजा ले रही हूं भरपूर खाना, पानी, चाय सब हाथ में ?? पर बुढ़ापे मे जैसे वर्जित हो जाता है मीठा और नमकीन तो बस कुछ दिन और फिर लौट जाऊंगी पुरानी जिंदगी मे वैसे उस जीवन की आदी हो चुकी हूं मै या शायद हम सब जहां सबकुछ होता है सुकुन और अच्छी लाइफस्टाइल भी पर नही चहकती हैं तो बस दिवारें और मन। **- सुनिता पुष्पराज पाण्डेय**

मिडिल क्लास को पूछनेवाला

मिडिल क्लास को पूछनेवाला कोई नहीं है,यही सत्य है। और मौजूदा सरकार ने भी इसे बदलने के लिए कुछ नहीं किया है, ये दूसरा बड़ा सत्य है। रेलवे ने वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये में मिलनेवाला कनसेशन हमेशा के लिए बंद कर दिया है। क्या इस देश की सरकार के पास देश के बुजुर्गों को देने के लिए 1500 करोड़ रुपए नहीं हैं? रेलमंत्री अश्विन वैष्णव जी, इस फैसले पर फिर से विचार कीजिए और बदलिए इसे। **- सचिन चौधरी**

पश्चिम दिशा ख़ामोशी का आलम

पश्चिम दिशा ख़ामोशी का आलम डूबता सूर्य श्वेत चाँदनी घेरती चली जाती घना अँधेरा भूख ग़रीबी निराशा का नरक यह ज़िन्दगी सिलने लगी लाचार दुखियारी फटा दामन समय चक्र था सिलसिलेवार बीतने लगा छुपते तारे जोड़ती सुख दुख दृण विश्वास भोर लालिमा विहग कलरव जागृति नव देख प्रकृति करता समन्वय चैतन्य मन जीवन रथ दौड़ चला तुरंत जीवन पथ। **- अंशु विनोद गुप्ता**

खुदा जानता है मैं क्या चाहता

खुदा जानता है मैं क्या चाहता हूं सभी के लिये मैं शिफा चाहता हूं हर इक शक्स बीमार है इस जहां में हर इक दर्द की अब दवा चाहता हूं न हीरे न मोती न सोने न चांदी मै बस आप सबकी दुआ चाहता हूं तुम्हारे लिये ही कमाई है दौलत मै कब यार अपना भला चाहता हू अरे वो कहां है जो सच बोलता था उसे आज फिर देखना चाहता हूं गुलों की हिफाजत तो कांटें करेंगे फजाओं में ठंडी हवा चाहता हूं ये दैरो-हरम आप ही के लिये हैं मै खुद के लिये मयकदा चाहता हूं मुझे मंजिलों की जरूरत नहीं है मै हमराह बस आप सा चाहता हूं। **- राजीव कुमार**

छलकने ना पाएं अश्क -ए झील

छलकने ना पाएं अश्क -ए झील बस इतना ख्याल रखना बूंद -ए-आइना तेरी सूरत की गवाही देगा। कहता फिरे है ज़माने से नाता नहीं सिरफिरे से फिर बात क्या है? राज क्या है! गांठ-ए मोहब्बत है जनाब लग गई तो खुलती नहीं। **- रीता पाण्डेय**

अगर जुल्फे खुलें मेरी अँधेरी रात

अगर जुल्फे खुलें मेरी अँधेरी रात हो जाये इशारों में सही लेकिन ज़रा सी बात हो जाये चले दोनों सहर में तब शहर पर मेघ छाए थे मिले हैं आज हम दोनों वही बरसात हो जाये। **- मनीषा सक्सेना**

मन मयूर जस नाचहिं

मन मयूर जस नाचहिं मोरा, बरबस प्रेम मगन चितचोरा, विजय सुशील हृदय अनुरागा, जस पंकज लखि पंक तड़ागा नाचहि मोर शोर भा भारी, मुदित लखहिं पुर के नर नारी, दृश्य मनोरम बरनि न जाई, भाव विभोर सबहिं मुसकाई। - राजकिशोर मिश्र राज प्रतापगढ़ी

QUIZ TIME

1) बायखो त्यौहार मुख्य रूप से किस भारतीय राज्य में मनाया जाता है?
2) विश्व महासागर दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?
3) भारतीय राष्ट्रीय सेना आईएनए की स्थापना किस वर्ष में हुई?
4) एक दिन में किसी सामान्य व्यक्ति के वृक्कों में से होकर कितना लीटर रूधिर गुजरता है?
5) अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की पहली अश्वेत महिला न्यायाधीश कौन बन गई है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) असम (2) 8 जून (3) 1942 (4) 170 ली. (5) केतनजी ब्राउन जैक्सन

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1758 : अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन उत्तरी अमेरिका की पहली असेंबली वर्जीनिया हाउस ऑफ बर्जेसेज में शामिल हुए। 1783 : जॉर्जिया को रूस का संरक्षक बनाया गया। 1793: फ्रांस ने कॉपीराइट कानून बनाया। 1823 : चिली में दास प्रथा को हमेशा के लिए समाप्त कर दिया गया। 1834 : पुर्तगाल में लिबरल युद्ध समाप्त हुआ। 1870 : अमेरिका में पहली अंतरदेशीय रेल सेवा की शुरुआत। 1890: सोवा बाजार क्लब ने पहली बार किसी इंग्लिश फुटबाल टीम (ईस्ट सरे) के खिलाफ जीत दर्ज की। 1910 : ओटोमन बलों ने ऑलबानियन विद्रोह को शांत करने के लिए शकोदर शहर पर कब्जा कर लिया। 1911: हैरम बेहन द्वारा माया सभ्यता के लुप्त शहर माचुपिच्चु को खोज निकाला गया। 1915 : सेंट्रल शिकागो में एक स्टीमर ईस्टलैंड की वजह से 844 लोगों की जान गयी। 1923: लौसन की संधि। स्विट्जरलैंड में ग्रीस, बुल्गारिया और प्रथम विश्व युद्ध में शामिल अन्य देशों के बीच हुई इस संधि के द्वारा आधुनिक तुर्की की सीमाओं को व्यवस्थित किया गया। 1929 : फ्रांसीसी प्रधानमंत्री रेमंड पोंकारे ने इस्तीफा देने के बाद अरिस्तैड ब्रेंड को इसका उत्तराधिकारी बनाया गया। 1932 :रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान की स्थापना की गई। 1938: इंस्टेंट काफी की खोज हुई। 1941 :उत्तर यूरोपीय देश लिथुनिया में यहूदी आबादी की नाजियों ने हत्या की। 1969 :अपोलो 11 अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर लौटा।1982 :जापान के नागासाकी में भारी बारिश के कारण पुल ढहने से 299 लोगों की मौत।

फिल्म नीति बनने से मिल रहा छत्तीसगढ़ी फिल्म उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा : सीएम

■ छत्तीससगढ़ी कला, साहित्य और फिल्म को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ी फिल्मों का सफर 1965 में श्कहि देबे संदेश और श्घर-द्वारश् से शुरू हुआ जो निरंतर जारी है। छत्तीसगढ़ी फि ल्म जगत ने बहुत से उतार-चढ़ाव देखा है। इन फि ल्मों ने सामाजिक व्यवस्था, सामाजिक कुरीतियां और समाजिक परिवेश पर अपनी बात कही है। दर्शकों के मन में मनोरंजन के साथ फिल्मों के माध्यम से अपनी संस्कृति को लेकर गौरव की अनुभूति की अपेक्षा होती है। दूसरी ओर प्रदेश की कला, संस्कृति और फि ल्म को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है। छत्तीसगढ़ी फि ल्म नीति इसी कड़ी का हिस्सा है। छत्तीसगढ़ी फि ल्म नीति बनने से छत्तीसगढ़ी फि ल्म उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज छत्तीसगढ़ी फि ल्म महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा विशेष रूप से मौजूद थे। छत्तीसगढ़ी फि ल्म महोत्सव के माध्यम से छत्तीसगढ़ी फि ल्म उद्योग से जुड़े, कलाकारों, निर्माता, निर्देशक, गीतकार, संगीतकार, गायक-गायिका व तकनीशियनों का सम्मान किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि

पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कलाकारों के लिए असली इनाम दर्शकों से मिलने वाला प्रतिसाद है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी फि ल्मों के सफ र पर बात करते हुए कहा कि, ''कहि देबे संदेश'' ने जहां तात्कालीन जातीय परिदृश्य पर करारा प्रहार किया था। वहीं ''घर-द्वार'' में टूटते पारिवारिक रिश्तों को रेखांकित किया गया था। लगभग हर छत्तीसगढ़ी फि ल्म ने सामाजिक व्यवस्था और सामाजिक परिवेश को दर्शाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, हमारी सरकार आने के बाद छत्तीसगढ़ी फि ल्म नीति बनाने के लिए बहुत मेहनत की गई। संस्कृति मंत्री ने कैबिनेट में फि ल्म नीति का प्रारूप पेश किया, जिसे कैबिनेट ने अनुमोदित भी कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, छत्तीसगढ़ फिल्म नीति बनने से यहां के फिल्म उद्योग को तो प्रोत्साहन मिलेगा ही, साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। छत्तीसगढ़ में ही ऐसे अनेक मनोरम स्थान हैं, जो फिल्मों के शूटिंग के लिए उपयुक्त हैं। फिल्म नीति के साथ ही राज्य सरकार की नीतियों से अब ऐसा वातावरण तैयार हुआ है, जिससे अन्य प्रदेशों के फि ल्मकारों की रुचि भी छत्तीसगढ़ को लेकर बढ़ी है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने छत्तीसगढ़ी फि ल्म उद्योग से जुड़े सभी लोगों को फिल्म महोत्सव की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ी फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध है।

अमरजीत भगत ने कहा कि, मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने हर मौके पर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। उनकी सोच है कि छत्तीसगढ़ की कला, साहित्य, संस्कृति और फिल्म आगे बढ़े। पहले कभी फि ल्म नीति नहीं बनी थी, लेकिन मुख्यमंत्री ने इसके लिए पहल की। फि ल्म नीति न होने से स्थानीय कलाकारों के पास विजन भी नहीं था, अब छत्तीसगढ़ फि ल्म नीति बनने से यहां के कलाकारों और फि ल्म जगत से जुड़े लोगों को विजन मिला है। उन्होंने नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली फि ल्म को एक करोड़ रुपये और इंटरनेशनल अवॉर्ड जीतने पर पांच करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि राज्य सरकार की ओर से देने के प्रावधान का विशेष रूप से उल्लेख किया। संस्कृति मंत्री ने उम्मीद जताई कि छत्तीसगढ़ी फि ल्म नीति और राज्य सरकार द्वारा स्थानीय फिल्म उद्योग को दिए जा रहे प्रोत्साहन के फ लस्वरूप नित नयी कड़ी छत्तीसगढ़ी फिल्मों की उपलब्धि में जुड़ेगी। छत्तीसगढ़ी फि ल्म उद्योग नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। स्थानीय शहीद स्मारक भवन के आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं संस्कृति मंत्री भगत व अन्य अतिथियों के हाथों छत्तीसगढ़ी फि ल्म उद्योग से जुड़े लोगों को सम्मानित किया गया। वहीं इस मौके पर एक फि ल्म का पोस्टर भी लॉन्च किया गया।

कलिंगा विश्वविद्यालय ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

नया रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय पिछले 8 सालों से मेधावी छात्रों की उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित एवं सम्मानित करता आया है। इस तारतम्य में इस वर्ष भी कलिंगा विश्वविद्यालय परिसर में ''प्रतिभा प्रोत्साहन समारोह 2022'' का आयोजन 23 जुलाई को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लघुवनोपज संघ के डीजीएम मनिवसगन एस, विशिष्ठ अतिथि अभनपुर के बीईओ माइकल मिंज, मोटिवेशनल स्पीकर तथा पर माइंड मेमोरी ट्रेनर अवधेश पटेल और गेस्ट स्पीकर कॉर्पोरेट ट्रेनर कोच राजकुमारी राघवानी को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत में कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ संदीप गांधी ने सभी टॉपर छात्रों का स्वागत किया, साथ ही कलिंगा विश्वविद्यालय के बारे में अवगत कराया। कुलसचिव डॉ संदीप गांधी ने बताया कि कलिंगा विश्वविद्यालय ने 2013 में अपने पहली शिक्षण सत्र की शुरुआत की थी। बहुत ही कम समय में कलिंगा विश्वविद्यालय ने राज्य के निजी विश्वविद्यालयों में नंबर एक पायदान पर अपना स्थान बनाया। यही नहीं एनआईआरएफ -2022 की रैंकिंग में कलिंगा विश्विद्यालय छत्तीसगढ़ राज्य का एक मात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जिसे उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच 101-150 की सूची में शामिल किया गया है। ''प्रतिभा प्रोत्साहन समारोह 2022'' कार्यक्रम में

छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा के 12वीं कक्षा में पास होने वाले मेधावी छात्रों की सूची में टॉप 10 स्थान प्राप्त करने वाले 22 छात्रों को सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ बोर्ड 12 वीं कक्षा में कुंती साव ने 98.20 फीसदी अंकों के साथ टॉप कर राज्य का नाम रौशन किया। कलिंगा विश्वविद्यालय ने कुंती को 15 हजार की राशि के साथ कलिंगा विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम के तहत ट्यूशन शुल्क में 100: छात्रवृत्ति प्रदान करने की घोषणा की है, साथ ही कुंती को सर्टिफि केट भी दिया गया। वहीं 96.40 फीसदी अंकों के साथ दूसरे नंबर पर रहीं खुश्बू वाधवानी को 12 हजार की राशि के साथ कलिंगा विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम के तहत ट्यूशन शुल्क में 100: छात्रवृत्ति प्रदान करने की घोषणा की गई साथ ही सर्टिफि केट भी दिया गया। 95.80 फीसदी अंकों के साथ रेनुका चंद्रा ने राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया है जिन्हे कलिंगा विश्वविद्यालय ने 10 हजार की राशि के साथ कलिंगा विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम के तहत ट्यूशन शुल्क में 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान करने की घोषणा की है साथ ही सर्टिफि केट भी दिया गया। कलिंगा विश्वविद्यालय ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए टॉप 10 आने वाले छात्रों को 5 हजार की राशि के साथ कलिंगा विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम के तहत ट्यूशन शुल्क में 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान करने की घोषणा की है, साथ ही सभी छात्रों को सर्टिफि केट भी दिया गया। टॉप 10 में 22 छात्रों को शामिल किया गया था। इस दौरान मुख्य अतिथियों ने भी छात्रों को प्रोत्साहित किया। मोटीवेशनल स्पीकर अवधेश पटेल ने छात्रों को सबकॉन्सियस मेमोरी को कैसे बढ़ाया जाए इसके कई टिप्स दिए। सभी छात्रों से दो दो अंक प्राप्त कर उन्हें एक साथ वाइट बोर्ड में लिखा, जो लगभग 40 अंक थे, उन्होंने अपनी मेमोरी पावर की क्षमता को दर्शाते हुए बगैर देखे पूरे अंकों को छात्रों के सामने बोलकर दिखाया। उन्होंने सभी अंकों को विपरित दिशा से भी बिना देखे पढ़कर सुनाया एवं छात्रों से लिए गए किसी भी दो अंकों के आगे और पीछे के दो अंकों को बगैर देखे बताया। इसके द्वारा उन्होंने अपने स्मरण शक्ति का प्रदर्शन किया जिसे देख कर सभी दर्शक एवं छात्रों ने प्रशंसा की। साथ ही कलिंगा विश्वविद्यालय को राज्य का गौरव बताया जहां विदेशों से भी छात्र शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथीगणों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों के माता-पिता एवं अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था। इस दौरान छात्रों को कलिंगा विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण कराया गया साथ ही जलपान की भी व्यवस्था की गई थी।

पथरी में पानी की समस्या का जल्द हो स्थाई समाधान : कलेक्टर

■ निलजा गौठान में बढें आजीविका गतिविधियां

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ भुरे के प्रवास के दौरान पथरगांव की महिलाओं ने पीने के पानी की समस्या से अवगत कराया। महिलाओं ने बताया कि गांव में दो नलकूप है जिनमें से एक गर्मी में सूख जाता है, उसका जल 1 आस्तर तेजी से गिरता है, जिस से पानी की समस्या हो जाती है। महिलाओं ने यह भी बताया कि एक दूसरे नलकूप में पानी तो है पर इस से पाइप लाइन आदि जोड़ने, नल लगाने का काम नही हुआ है। इस कारण से लोगों को पर्याप्त पानी नही मिल पा रहा है। टंकी बनाने का काम भी धीमी गति से हो रहा है। कलेक्टर डॉ भुरे ने इसपर तत्काल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से फोन पर जानकारी ली और उन्हें अगले दो महीने में टंकी, पाइप लाइन और नल लगाने के काम पूरा करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ डॉ. रवि मित्तल, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर सहित अन्य

अधिकारी भी मौजूद रहें। कलेक्टर डॉ भुरे ने निलजा गौठान के निरीक्षण के दौरान महिला समूह द्वारा बनाये जा रहे वर्मी कम्पोस्ट खाद की जानकारी ली। उन्होंने गौठान में दूसरी आजीविका गतिविधियों के बारे में भी स्व सहायता समूह की अध्यक्ष से पूछा। समूह की अध्यक्ष ने बताया कि वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन कर बेचने से इस बार 4 लाख रुपये का व्यवसाय हुआ है। गौठान में अभी गोबर खरीदी, कम्पोस्ट निर्माण, चारागाह से लेकर मुर्गी पालन की गतिविधियां की जा रही है। कलेक्टर ने इस गौठान को आदर्श ग्रामीण इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित करने और आजीविका गतिविधियां बढ़ाने की कार्य योजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने गौठान में संचालित गतिविधियों से नियमित आय सुनिश्चित करने के लिए बड़े स्तर पर सब्जी उत्पादन, मुर्गी पालन, अंडा हेचरी स्थापना, बकरीपालन, मशरूम उत्पादन जैसे काम भी शुरू करने की सलाह दी।

कलेक्टर भुरे का सघन दौरा : गौठानों का किया अवलोकन, स्कूलों में देखी व्यवस्थाएं

■ तालाब की साफ-सफाई और सुरक्षा के इंतजाम के दिये निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने जिले के चार गांवों का दौरा कर जन समस्याओं और मांगो की जानकारी ली। डॉ भुरे आज रिमझिम बारिश के बीच धरसींवा विकासखंड के बरौदा, बरबंदा, पथरी और निलजा गाँव पहुँचे। इन गॉवों में कलेक्टर ने गौठानों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्थानीय जनप्रतिनिधियों - निवासियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ग्रामीणों से ली और उनकी समस्याओं- मांगो के बारे में पूछा। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ डॉ. रवि मित्तल, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहें। कलेक्टर डॉ भुरे ने आज बरौदा गाँव पहुँचकर आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के लिए केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं का जायज़ा लिया। कलेक्टर ने सरपंच और महिला बाल विकास अधिकारी को आँगनवाडी के सामने पेवर ब्लाक लगाने के निर्देश

दिए साथ ही बच्चों को दिए जाने वाले रेडी टू ईट पोषक आहार की भी जाँच की। कलेक्टर ने बरबंदा गाँव के गौठान का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गौठान में चल रही आजीविका गतिविधियों की जानकारी संचालक समिति से ली। कलेक्टर ने मुर्गीपालन, बकरीपालन सहित अन्य गतिविधियों को लगातार जारी रखने के निर्देश दिए, ताकि महिला समूहों को लगातार रोज़गार मिले और उन्हें लगातार आय भी होती रहे। उन्होंने बरबंदा गौठान में गोबर ख़रीदी और वर्मी खाद उत्पादन की जानकारी भी ली। कलेक्टर ने गौठान में वर्मी टाँको का निरीक्षण किया और महिला समूहों की सदस्यों को खाद बनाने की निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने को कहा। समूह की सदस्यों ने बताया की इस बार अभी तक मुर्गीपालन से लगभग 15 हज़ार रुपए की आमदनी हो गई है। आठ - दस दिनो में वर्मी खाद भी तैयार हो जाएगा। महिलाओं ने बताया कि गोबर से बायो गैस भी बनाई जा रही है और गॉव के 8-10 घरों को कनेक्शन भी दिया गया है। इन घरों के लोग गोबर गैस का उपयोग ईंधन के रूप में भोजन आदि बनाने में कर रहे है । डॉ भुरे इस पर खुशी जताई और नियमित गोबर ख़रीदी करने और गोबर को सुरक्षित रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए।उन्होंने बरबंदा के आंगनबाड़ी केंद्र में साफ सफाई बेहतर करने के निर्देश दिए साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को कहा।

मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिसाहू दास महंत को किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनेता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्री बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । मुख्यमंत्री ने श्री महंत का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अविभाजित मध्यप्रदेश में विधायक और मंत्री के रूप में प्रदेश के विकास के लिए अपनी अमूल्य सेवायें देते हुए छत्तीसगढ़ में सिंचाई और सड़क अधोसंरचना के विकास हेतु अद्वितीय योगदान दिया । हसदेव बांगो परियोजना उनके सपनों का ही साकार रूप है। श्री महंत का पूरा जीवन जनसेवा के लिए समर्पित रहा है। सरकार उनके आदर्शों के अनुरूप विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रही है।

26 को शांतिपूर्ण सत्याग्रह

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा एजेन्सियों के दुरूपयोग के खिलाफ 26 जुलाई 2022 मंगलवार को राजधानी रायपुर के गांधी मैदान स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष शांतिपूर्ण सत्याग्रह का आयोजन किया गया है। यह सत्याग्रह सुबह 10 बजे से शुरू होगा और तब तक जारी रहेगा, जब तक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय से बाहर नहीं आ जाती है।

छात्रों ने पौधारोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

रायपुर/नवप्रदेश। पर्यावरण संरक्षण में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए देव्यानी पब्लिक स्कूल डूण्डा में ग्रीन डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला के सभी बच्चे हरियाली थीम पर विविध पोशाक पहनकर आये थे, साथ ही प्रकृति प्रेम और पर्यावरण जागरूकता से संबंधित गीत, कविता, निबंध, पेंटिग आदि की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ के राज्यगीत अरपा पइरी के धार से हुआ। तदोपरांत शाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया। संस्था के प्राचार्य एन.के. साहू ने तुलसी का पौधा लगाकर बच्चों को उनके गुणों के बारे में बताया कि यह घर के वातावरण को शुद्ध रखता है। इसमें कई प्रकार के औषधीय गुण होते हैं इसलिए तुलसी हर घर में होना चाहिए। शाला परिसर में कई औषधि पौधे, रंग-बिरंगे फूल व फलदार पौधे लगाये गये। इस अवसर पर शाला के बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण थीम पर गीत, कविता, निबंध की प्रतियोगिता हुई जिसमें आंचल साहू, गीतांजली साहू, मोनिका साहू, उमेंश्वरी साहू,

डिगेश्वरी यादव, हेमलता साहू, विद्या साहू, लक्षिका यादव, तारणी साहू, रेणुका, पुष्पा, रूही साहू, लीलाधर, पुरूषोत्तम, योगेश साहू, चरित नगरारे आदि को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को प्रकृति से जोड़ने, छत्तीसगढ़ की लोक कला, साहित्य और संस्कृति से परिचित कराने वाले कार्यक्रम ग्रीन डे को सफल बनाने में शिक्षक जयंत साहू, चंदन साहू, धनेश साहू, शिक्षिका सावित्री यादव, भुनेश्वरी साहू, अर्चना साहू, आशा कोसरिया, सुरेखा देवांगन, भारती साहू, रितु साहू आदि का सराहनीय योगदान रहा।

भाजपा किसान मोर्चा खाद बीज के मामले में घड़ियाली आंसू बहा रहा

■ मोदी सरकार छत्तीसगढ़ को पर्याप्त खाद नहीं दे रही : कांग्रेस

रायपुर। खाद बीज की कमी को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के आंदोलन को राजनीतिक नौटंकी करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा को वास्तविक में किसानों की चिंता है और खाद की कमी को दूर करना चाहते हैं तो उन्हें अपने भाजपा के 9 सांसदों के दफ्तर और केंद्रीय उर्वरक मंत्रालय में तालाबंदी करना चाहिए। केंद्र से राज्य सरकार ने 13 लाख 70 हजार टन खाद की मांग किया था। जिसका शेड्यूल भी उर्वरक मंत्रालय ने जारी किया लेकिन शेड्यूल के हिसाब से रासायनिक उर्वरक की

सप्लाई उर्वरक मंत्रालय ने नहीं की है और मांग के विपरीत अब तक मात्र 60 प्रतिश खाद ही दी गई है जिसके चलते प्रदेश में खाद का संकट उत्पन्न हुआ है। प्रदेश सरकार ने किसानों को पर्याप्त मात्रा में बीज की सप्लाई की है और रासायनिक उर्वरक खाद की कमी दूर करने गोठनों में बने वर्मी कंपोस्ट खाद की आपूर्ति भी किया है।

धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा के नेता छत्तीसगढ़ में किसानों के नाम से घड़ियाली आंसू बहाते हैं लेकिन खाद की कमी और बारदाना की कमी के लिए, सेन्ट्रल पुल के चावल की कटौती तथा उसना चावल के मामले में जिम्मेदार मोदी सरकार के आगे भाजपा किसान मोर्चा मौन रहती है। किसानों ने देखा है यह वही भाजपा का किसान मोर्चा है जो 15 साल तक छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार रहने के दौरान किसानों पर अत्याचार होने पर, किसानों की आत्महत्या की घटनाओं पर, किसानों के जलाशय बेचने पर मौन रहती थी और किसानों को वादा अनुसार रमन सिंह की सरकार ने धान की कीमत 2100 रु. और 300 रु. प्रति क्विंटल बोनस नहीं दिया तब भी रमन सरकार की तारफी करते थे।

कांग्रेस ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय राजीव भवन में आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी, प्रदेश युवा कांग्रेस, प्रदेश एनएसयूआई, प्रदेश कांग्रेस इंटक एवं समस्त मोर्चा संगठनों, प्रकोष्ठो के विभागों ने भारत के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. बाल गंगाधर तिलक और अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती एवं महंत बिसाहूदास की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री प्रशासनिक रवि घोष, प्रभारी महामंत्री संगठन अमरजीत चावला, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेन्द्र छाबड़ा, अरविंद सिंह, जेपी वर्मा, राजु नायक, सैय्यद अफसर अली, शब्बीर खान सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

कार्यालय- नगर पंचायत गण्डई
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक/875/लो.नि./न.पं./2022 गण्डई, दिनांक 22/07/2022

// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत/फर्म/ संस्था से पानी टेंकर क्रय हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)
1	पेयजल हेतु पानी टैंकर इकाई (01 नग 4500 लीटर क्षमता)	3.00

उपरोक्त सामग्री निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://www.uad.cg.gov.in से भी देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत गण्डई

■ न्यूज गैलरी

परीक्षण के पश्चात् पुलगांव वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को मिला श्रव्य यंत्र

दुर्ग (नव प्रदेश)। पुलगांव में संचालित वृद्धाश्रम के निरीक्षण पर कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा कुछ दिन पहले पहुंचे थे। जहां उन्होंने वहां निवासरत बुजुर्गों से आश्रम की व्यवस्था व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली थी। अपने निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कुछ बुजुर्गों को सुनने में समस्या हो रही थी। इसलिए उन्होंने वहां उपस्थित संबंधित अधिकारियों को ईएनटी विशेषज्ञों के द्वारा उनका ईलाज कराकर हियरिंग एड मुहैया कराने का निर्देश दिया था। इस निर्देश का समाज कल्याण के उप संचालक कमलेश पटेल द्वारा त्वरित पालन किया गया और आश्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों से बुजुर्गों का निरीक्षण कराकर उन्हें श्राव्य यंत्र प्रदान किया गया। स्वास्थ्य शिविर आयोजन के अवसर पर अश्वनी द्विवेदी, संब इंजीनीयर आरईएस जन्तराम ठाकुर, प्रमुख कलाकार अरूण वर्मा, दीपक कुमार चापिरा, प्रबंधक वृद्धाश्रम पुलगांव व अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

'कम्यूनिटी कनेक्ट फार्मास्युटिकल केयर' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

दुर्ग (नव प्रदेश)। भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी द्वारा कम्यूनिटी कनेक्ट फार्मास्युटिकल केयर एवरीवेयर विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आमंत्रित अतिथि एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रो. अनंथा नाइक नागप्पा , अध्यक्ष एसीपीआई, मणिपाल और भारती आयुर्वेद कॉलेज एवं हॉस्पिटल दुर्ग के प्राचार्य डॉ एम. आर. होता उपस्थित थे। उन्होंने भोजन, नींद, आराम और योग के साथ अच्छा स्वास्थ्य और जीवन शैली पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि अगर कोई बीमार हो जाती है तो बीमारी से उबरने के लिए उचित दवा कैसें लें? उन्होंने रक्त शर्करा, रक्तचाप , टाइरोइडिज्म और अन्य सामान्य स्वास्थ्य मुद्दों पर भी लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुशील चंद्राकर कुलाधिपति भारती विश्वविद्यालय थे। इस अवसर पर हॉल्सिटिक फाउंडेशन के सचिव जय चंद्राकर , भारती समूह के उपाध्यक्ष प्रभजोत सिंह भुई, भारती विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके पाठक, कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र स्वर्णकार, घनश्याम साहू, रजिस्ट्रार भारती ग्रुप ऑफ कॉलेज, खिलेश गंजिर डिप्टी रजिस्ट्रार, प्रोफेसर मृत्युंजय सत्पथी प्रिंसिपल फैकल्टी ऑफ फार्मेसी, योगेश देशमुख (टीएंडपी), सोनिया सिंह, शीतल मिश्रा, मुरारी राधा रमन देवांगन, अनीष साहू, अलका वर्मा सहित विभिन्न प्राध्यापक एवं 75 छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की।

शहर में धूल के गुबार से मिलेगी मुक्ति, निगम के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए जाएंगे मिस्ट फाउंटेन

भिलाई नगर (नव प्रदेश)। महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त लोकेश चंद्राकर तथा अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में आज महापौर परिषद की बैठक 4:00 बजे प्रारंभ हुई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वायु गुणवत्ता सुधार के लिए महापौर परिषद की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। शहर में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर मिस्ट फाउंटेन लगाया जाएगा। मिस्ट फाउंटेन लगने से शहर में उड़ने वाले धूल के कण को फाउंटेन के माध्यम से कम करने में मदद मिलेगी, वही ज्यादा प्रदूषण वाले एरिया में इसे लगाए जाने की कार्य योजना है, इसके तहत जहां पर ज्यादा वाहनों का आवागमन होता है तथा धूल आदि के कण उत्सर्जित होते हैं वहां इसे स्थापित किया जाएगा। इसके लिए ढाई करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। नगर निगम ने शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए अहम निर्णय लेते हुए वायु गुणवत्ता सुधार के लिए मिस्ट फाउंटेन लगाने की स्वीकृति प्रदान की है।

अत्याधिक बारिश से हुए जल प्रभावित क्षेत्रों का कलेक्टर व एसपी ने किया निरीक्षण

दुर्ग (नव प्रदेश)। आज सुबह-सुबह अत्याधिक बारिश की वजह से भिलाई निगम के कोसा नगर, राधिका नगर, नेहरू नगर, फरीद नगर आदि इलाकों में जलभराव की स्थिति देखने कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं एसपी डॉ अभिषेक पल्लव जल भराव वाले क्षेत्रों में पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद निगम अमले से वस्तुस्थिति की जानकारी ली एवं नागरिकों से भी फीडबैक लिया। लोगों ने बताया कि अत्याधिक बारिश की वजह से कोसा नाला पूरे फ्लो में है और अभी धीरे-धीरे नाले का स्तर उतरने की उम्मीद है। निगम अमले ने वाटर पंप के माध्यम से ड्रेनेज किया है जिससे राहत हुई। मौके पर मौजूद निगम अमले ने बताया कि कोसा नाले में अत्याधिक बारिश की स्थिति में जलभराव की आशंका के चलते मानसून पूर्व ड्रेनेज के लिए कार्य कर लिया गया था। अभी बारिश अत्याधिक हुई है जिससे नाला अपने पूरे प्रवाह पर है। अभी उम्मीद है कि जलस्तर कम हो जाएगा। प्रभावित क्षेत्रों में वाटर पंप के माध्यम से ड्रेनेज किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि स्थिति पर नजर रखें।

मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना से मिली 20 हजार रूपए की राशि देगी हौसलों को उड़ान

बेटियों के सपने होंगे सकार, सभी के खातों में पहुंची 92 लाख 40 हजार रूपए की राशि

- ■ प्रशासनिक सेवक बनने का सपना चंचल की आंखों में
- ■ भावी पीढ़ियों का भविष्य तय करती मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। उत्साही और दृढ़ निश्चय वाली चंचल बिजौरा ने अपने हौसलों से उड़ान भरने की तैयारी कर ली है, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजनांतर्गत मिले 20 हजार रूपए की राशि उसके बैंक खाते में आ गई है। जिसे वो अपने कॉलेज के पढ़ाई के लिए जमा कर रखना चाहती हैं। लड़कपन के उम्र में भी इस लड़की को अपने भविष्य को लेकर होने वाली चिंता उसे दूसरों से अलग करती है। चंचल प्रशासनिक सेवा में आकर शासन की जनहितैशी योजनाओं का हिस्सा बनना चाहती है। वो चाहती है कि हर जरूरत मंद का सपना हकीकत बने। आंखों में प्रशासनिक सेवा का सपना लिए चंचल कहती है कि सपना ही देखना है तो बड़ा क्यों नहीं, जब तक आप बड़ी लकीर खींचने की कल्पना नहीं करेंगे तब तक छोटी लकीर ही खींच सकते हैं । आज शासन की नोनी सशक्तिकरण योजना लड़कियों को ऐसा हौसला दे रही है कि बिना पंख के भी वो उड़ने के लिए तैयार हैं। कोई आई.ए.एस. बनना चाह रहा है तो कोई शिक्षक बन कर समाज को एक नई दिशा देना चाह रहा है। राज्य शासन ने महिला सशक्तिकरण को केन्द्रित रखकर इस गणतंत्र दिवस पर जिले की 09 बालिकाओं के खाते में 1 लाख 80 हजार रूपए की राशि डाली। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना से लाभान्वित होने वाले हितग्राही चंचल बिजौरा, सोनिया, अमृता साहू, वर्षा, श्वेता, पायल, माही अमृत, मुस्कान, डिम्पल, नेहा है जिन्होंने शासन को उनके इस सहयोग के लिए अभार व्यक्त किया है। 92 लाख 40 हजार रूपए की राशि से लाभान्वित हुए हैं 462 हितग्राही- मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना के तहत् पात्र 462 हितग्राहियों की पुत्रियों को जिले में 92 लाख 40 हजार रूपए की राशि के साथ लाभान्वित किया जा चुका है। इस राशि को सीधे श्रमिक परिवारों के बैंक खाते में ट्रांजेक्शन कर उनकी बेटियों को शासन सशक्त और आत्म निर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। इससे परिवार को शिक्षा के साथ-साथ स्वरोजगार के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं और श्रमिकों के बेटियों की शादी में भी यह राशि उनके परिवारिक दायित्व के बोझ को भी कम कर रही है।

पाटन में 153 ब्लड यूनिट का ट्रांसफ्यूजन सीएचसी

नव प्रदेश संवाददता

दुर्ग। सीएचसी पाटन में ब्लड स्टोरेज यूनिट से सफ लता पूर्वक 153 ब्लड यूनिट ट्रांसफ्यूज़न कर लाइफ सेविंग की गई है। लाभार्थियों में गंभीर कुपोषित बच्चे, हाई रिस्क गर्भवती माताएं, बुजुर्ग, एवं सिकलिंग रोगी तथा अन्य गंभीर रोगियों को ब्लड लगाया गया है।

सीएचसी पाटन के ब्लड स्टोरेज यूनिट की प्रभारी मेडिकल लैब टेक्नॉलॉजिस्ट श्वेता भारद्वाज, डॉ नवीन तिवारी, प्रदीप सिन्हा एवं चिकित्सा अधिकारियों एवं पैरामेडिकल स्टाफ के सहयोग से गंभीर एनीमिया वाले मरीजों को ब्लड ट्रांसफ्यूजन सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बीएमओ पाटन डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि ब्लड स्टोरेज यूनिट पाटन के लिए ब्लड की आपूर्ति मदर ब्लड बैंक जिला अस्पताल दुर्ग से कराई जाती है। जिला अस्पताल ब्लड बैंक दुर्ग का विशेष सहयोग मिल रहा है। शुभारंभ के पश्चात आज तक 153 यूनिट ब्लड का ट्रांसफ्यूजन किया जा चुका है।

ब्लड स्टोरेज यूनिट सीएचसी पाटन द्वारा ब्लड बैंक दुर्ग एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से बीच बीच मे रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है ब्लॉक पाटन में ऐसे 4 वृहद रक्तदान शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। खास बात ये है कि किसी भी मरीज को ब्लड ट्रांसफ्यूजन हेतु अपनी जेब से राशि/शुल्क नहीं देना पड़ता है उनका ट्रांसफ्यूजन डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना - आयुष्मान भारत हेल्थ स्कीम के कैशलेस किया जाता है। विकासखण्ड पाटन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन एवं झीट तथा अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं में कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा के मार्गदर्शन एवं निर्देश में सेवाओं के विस्तार हेतु सकरात्मक दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। रक्तदान, एनीमिया मुक्त छत्तीसगढ़ एनीमिया मुक्त भारत अभियान हेतु प्रचार प्रसार, स्वास्थ्य जागरूकता बीईटीओ चन्द्रकान्ता साहू, बीएल वर्मा, सैय्यद असलम के लीडरशिप में टीम वर्क कर गतिविधियां भी की जा रही है।

कोक ओवन बैटरी नं-6 के रिपेयर के बाद उत्पादन प्रक्रिया प्रारंभ

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की कोक ओवन बैटरी नं-6 की मरम्मत के बाद अब बैटरी से उत्पादन प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। आज दिनांक 23 जुलाई 2022, निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा संयंत्र के कार्यपालक निदेशकों, मुख्य महाप्रबंधकों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में ओवन का पहला पुशिंग किया गया। उल्लेखनीय है कि कोक ओवन बैटरी नं-6 के मरम्मत गतिविधियों के पूरा होने के बाद 22 जुलाई 2022 को कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार द्वारा बैटरी की चार्जिंग प्रक्रिया शुरू की गई थी।

इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक प्रभारी (कार्मिक एवं प्रशासन), केके सिंह, कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) एके भट्टा, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक, एस मुखोपाध्याय, मुख्य महाप्रबंधक (सर्विसेस) एसएन आबिदी सहित मुख्य महाप्रबंधक और संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक (सीओ एंड सीसीडी) राजीव श्रीवास्तव तथा कोक ओवन विभाग के अधिकारी और कर्मचारीगण बड़ी संख्या में मौजूद थे। कोक ओवन बैटरी नं-06 को इसके पुनर्निर्माण के बाद 19 जून 2011 से चालू किया गया था।

फोर्ज एवं स्टील स्ट्रक्चरल शॉप में सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह का आयोजन

भिलाई (नव प्रदेश)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के फोर्ज एवं स्टील स्ट्रक्चरल शॉप में 18 जुलाई से 23 जुलाई तक सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह का आयोजन किया गया। सुरक्षा पर वार्तालाप, सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा स्लोगन, सर्वश्रेष्ठ लॉकर पर प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। विभिन्न सुरक्षा विषयक कार्यक्रमों में क्यू कार्ड लापरवाही, जल्दबाजी, थकान, अति उत्साह, ध्यान भटकने पर चर्चा, अग्निशमन यंत्रों के उचित उपयोग एवं सावधानियों एवम् प्राथमिक उपचार पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के सहयोग से आयोजित सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक जीपी सिंह ने विभाग द्वारा किये गए आयोजन एवं प्रयासों की सराहना की।

वायर रॉड मिल विभाग के कर्मचारियों को मिला कर्म शिरोमणि पुरस्कार

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मिल जोन-1 के अन्तर्गत वायर रॉड मिल विभाग में 20 जुलाई को कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (मर्चेन्ट मिल एवं वायर रॉड मिल) अजय बेदी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (वायर रॉड मिल) जेवियर बेक एवं सभी अनुभाग प्रमुखों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (मर्चेन्ट मिल एवं वायर रॉड मिल) अजय बेदी ने वायर रॉड मिल विभाग के कर्मचारियों से बेनी राम बघेल, वरिष्ठ तकनीशियन (विद्युत) को अप्रैल-2022 के लिए एवं श्री प्रसेनजीत श्रीवास्तव, चार्जमेन-कम-वरिष्ठ ऑपरेटिव्ह (पैकेटिंग) को मई-2022 के लिए कर्म शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया। पुरस्कार विजेताओं को प्रबंधन द्वारा एक प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह, पत्नी के नाम से प्रशंसा पत्र एवं मिठाई पैकेट प्रदान किया जाता है।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कार्य के दौरान सभी सुरक्षा उपकरणों व संसाधनों का उच्चतम उपयोग करते हुए बेहतर प्रतिफ ल प्राप्त करने पर जोर देते हुए अन्य कार्मिकों को भी प्रशिक्षित एवं प्रोत्साहित करने का आव्हान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उप महाप्रबंधक (का.-मिल्स जोन-1) राजीव कुमार ने पुरस्कार प्राप्त कर्मियों को भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन, वायर रॉड मिल बिरादरी एवं कार्मिक विभाग के ओर से बधाई दी। कार्मिकों को प्रोत्साहित करने के लिए शिरोमणि पुरस्कार योजना नवम्बर-2018 से अनवरत जारी है।

एसबीआई ने किया किसानों का सम्मान, बैंक की योजनाओं के संबंध में दी गई विस्तृत जानकारी

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय भिलाई के अधीन कुम्हारी शाखा द्वारा ग्राम मुरमुंदा में 22 जुलाई दिन शुक्रवार को रात्रि शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य किसानों और महिला समूहों का सम्मान कर ऋण स्वीकृति और विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी प्रदान करना था शिविर में कुल रू 5.08 करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान भी किए गए। शिविर में उपस्थित सभी किसानों को सम्मान स्वरूप शॉल श्रीफ ल शर्ट टीशर्ट छाता व दैनिक स्वच्छता किट भेंट की गई। इस आयोजन में किसान भाइयों के लिए जनजागरूकता के लिए विशेष रूप से छत्तीसगढ़ी नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कलाकारों नाटक द्वारा बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करने के लिए विशेष रूप से भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय नेटवर्क-3 से बैंक के उच्चाधिकारी महाप्रबंधक नीरज कुमार एवं रायपुर अंचल के उपमहाप्रबंधक राकेश कुमार यादव की उपस्थिति गरिमामई रही। उन्होंने अपने उद्बोधन में बैंक की योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि देश का सबसे बड़ा एवं सर्वप्रिय बैंक होने के नाते भारतीय स्टेट बैंक सदैव अपने ग्राहकों को बेहतरीन उत्पाद एवं सेवाएं उपलब्ध कराने के प्रति सजग रहता है।

3 घंटों की मूसलाधार से शहर में जगह-जगह जल भराव

दुर्ग (नव प्रदेश)। लगातार तीन घंटे तक मूसलाधार बारिश से दुर्ग शहर के कई इलाकों में पानी भर गया। नाले और नालियों की सफाई के बावजूद अधिकांश बस्तियों और कालोनियों में पानी भरने की शिकायत मिलने के बाद वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने शहर के प्रभावित इलाकों का दौरा किया। पूर्व विधायक प्रदीप चौबे के निवास के चारों ओर पानी भरने की जानकारी मिलने पर वोरा केलाबाड़ी पहुंचे। यहां सड़कों व गलियों में पानी भर जाने के कारण कई वाहन चालक सड़क पर ही गिर गए। वोरा ने इस मामले को लेकर कलेक्टर से फोन पर चर्चा करते हुए तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने कहा। उन्होंने आपदा प्रबंधन, निगम एवं जिला प्रसाशन से जलभराव को गंभीरता से लेने का निर्देश देते हुए कहा कि, निगम द्वारा ड्रेनेज व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए व एसडीआरएफ एवं जिला प्रसाशन शिवनाथ के तट एवं एनीकट में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा कर जल स्तर पर सतत निगरानी रखे। उन्होंने कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त से भी चर्चा कर स्थिति की जानकारी दी। वोरा ने कहा कि नागरिकों के घर पर पानी भरने की नौबत आने पर तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने जुट जाएं।

भिलाई के रोहित पंडा ने बढ़ाया भारत का मान

रोहित ने 33वें अंतर्राष्ट्रीय जीव विज्ञान ओलंपियाड में रजत पदक जीतकर किया भिलाई को गौरवान्वित

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। भिलाई के रोहित पंडा छत्तीसगढ़ के एकमात्र छात्र हैं जिन्होंने 10 जुलाई से 18 जुलाई 2022 तक आर्मेनिया के येरेवन शहर में आयोजित 33वें अंतर्राष्ट्रीय जीव विज्ञान ओलंपियाड (आईबीओ) में भारत का प्रतिनिधित्व किया। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विद्युत संगठन के भारी अनुरक्षण विद्युत विभाग के उपमहाप्रबंधक रंजन कुमार पंडा एवं गृहणी रूपाली पंडा के सुपुत्र रोहित पंडा ने जीवविज्ञान विषय में अंतर्राष्ट्रीय ऑलंपियाड में रजत पदक जीत कर भिलाई सहित पूरे देश और प्रदेश का नाम रौशन किया है। रोहित पंडा पूरे प्रदेश में इकलौते छात्र है जिन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जीवविज्ञान विषय में अंतर्राष्ट्रीय ऑलंपियाड में भारत का प्रतिनिधित्व करने की पात्रता हासिल की थी। इस हेतु प्रतिभागियों को चार स्तर के कड़ी परीक्षाओं से गुजर कर पांचवे स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय ऑलंपियाड हेतु क्वालीफाई करना होता है।

विदित हो कि रोहित का होमी भाभा साइंस एजुकेशन सेंटर, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई द्वारा आयोजित बायोलॉजी ओलंपियाड के कठोर दौर को क्वालीफ ाई करने के बाद, उन्हें भारत के विभिन्न राज्यों के 3 अन्य छात्रों के साथ भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया था। रोहित ने होमी भाभा साइंस एजुकेशन सेंटर, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई में दो सप्ताह के प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद, आर्मेनिया में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जीव विज्ञान ओलंपियाड में भाग लिया जहां 60 से अधिक देशों के छात्रों ने अपनी भागीदारी दी इसके तहत प्रत्येक देश के सर्वश्रेष्ठ 4 प्रतिभागियों को ही इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु भेजा जाता है।

उल्लेखनीय है कि होमी भाभा साइंस एजुकेशन सेंटर, टीआईएफआर, मुंबई द्वारा भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, खगोलशास्त्र, जूनियर साइंस और गणित शास्त्र में ऑलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इसके अंतर्गत भारत में चार स्तरों पर प्रतियोगिता आयोजित होती है। छात्र इन चार स्तरों को पार करने के पष्चात ही पांचवे स्तर के अंतर्राष्ट्रीय ऑलंपियाड हेतु चयनित होते है। इन चार स्तरों से गुजरकर रोहित पंडा ने जीवविज्ञान के अंतर्राष्ट्रीय ऑलंपियाड में जाने की पात्रता हासिल की थी।

इस दौरान प्रतिभागियों को कड़े परीक्षण के विभिन्न दौर से गुजरना होता है। इसके तहत नवीनतम सोच और तीव्र वैचारिक मंथन से गुजारा जाता है। यह कठिन परीक्षण दुनिया भर से सबसे अच्छे नवोदित जीवविज्ञानी चुनने के लिए एक लिटमस टेस्ट साबित होते है। इसमें प्रतिभागियों को कड़े मापदण्ड के तहत दो सैद्धांतिक पेपर (प्रत्येक 3 घंटे की अवधि) और चार व्यावहारिक परीक्षाएं (प्रत्येक 1.5 घंटे की अवधि) देनी होती है। इन कठोर परीक्षण विधियों से गुजरकर भिलाई के रोहित पंडा ने सिल्वर मेडल जीतकर देश व प्रदेश का नाम रौशन किया है।

मैंत्री विद्या निकेतन का 10वीं बोर्ड परीक्षा में सरीहनीय परिणाम

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई (नव प्रदेश)। मैंत्री विद्या निकेतन सी से स्कूल रिसाली का सी.बी.एस.ई दसवीं बोर्ड परीक्षा 2022 का परिणाम सरीहनीय रहा। जिसमें विद्यालय के छात्रा तनिशा देवांगन ने सर्वश्रेष्ठ अंकों के साथ 96.8 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान में रही। छात्रा तुमेश्वरी साहू 92.6 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान में, रोशनी साहू 90.66 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान, कृतिका सिंग 88.3 प्रतिशत प्राप्त कर चतुर्थ स्थान, अभिषेक सिंग 87.16 पतिशत प्राप्त कर पंचग स्थान, बी. काव्या 87 प्रतिशत प्राप्त कर छठवें स्थान, चंदन दास मेहता और प्रेरणा ठाकुर 86.67 प्रतिशत प्राप्त कर सातवें स्थान, युगल किशोर 86 प्रतिश प्राप्त कर आंठवे स्थान, साक्षी साहू 85.5 प्रतिशत प्राप्त कर नौवे स्थान तथा 85 प्रतिशत पर वीणा दासवें स्थान पे रही। विद्यालय के 223 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में विशिष्ट योग्यता प्राप्त की। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि का श्रेय उसकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों का योगदान, पालकों और विद्यालय के प्रोत्साहन को जाता है।

न्यायालय नायब तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202207101500037//अ/121/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम कोपेडीह प.ह.नं. 04 तह पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका जागृति माखीजा पति स्व. हितेश माखीजा अन्य 01 निवासी देना बैंक के पास रायपुर द्वारा ग्राम कोपेडीह प.ह.नं. 04 तह. पाटन स्थित भूमि खसरा नं. 2112/1 का भाग रकबा 0.01 हे. भूमि को आवेदकगण के पति/पिता द्वारा क्रय किया जाना एवं वर्तमान में क्रेता का दिनांक 11/11/2021 को फौत हो जाने से आवेदकगण उक्त भूमि को वारिसान होने के नाते अपने नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किए जाने आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका जागृति माखीजा पति स्व. हितेश माखीजा अन्य-1 निवासी देना बैंक के पास रायपुर द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार फौती नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 21/7/2022 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 4/7/22 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

(मुहर)

नायब तहसीलदार
पाटन (छ.ग.)

तहसीलदार के आदेश को ठेंगा दिखाकर अतिक्रमण जारी

◗ शासकीय जमीन पर अतिक्रमण रोकने के लिए नोटिस नहीं, कड़ाई से कार्रवाई की जरूरत

बागबाहरा/नवप्रदेश। शासकीय निर्माण एवं विकास कार्यो के लिए जमीन ढूंढने जन प्रतिनिधियों एवं शासकीय कर्मचारियो के पसीने छूट जा रहे है वही भू माफिया आसानी से करोड़ो रूपये की शासकीय जमीन पर कब्जा जमाए बैठे है वन पेड़ो को काटकर शासकीय जमीन पर कब्जा कर रहे है और बाद में इन्ही जमीनों को मनमर्जी दर पर लोगो को बेच देते है । ऐसा ही मामला बागबाहरा मुख्यालय से लगा हुआ ग्राम कल्याणपुर का है जहां खसरा क्रमांक 23 में स्थित शासकीय घास भूमि पर सहदेव प्रसाद के द्वारा बाउंड्रीवाल कर जमीन को कब्जा किया जा रहा है इस बात की शिकायत जब तहसील कार्यालय तक पहुची तब तहसीलदार ने तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य का स्थगन का आदेश भी जारी किया लेकिन उसके बाद भी निर्माण कार्य करवाने वाले ने हिम्मत नहीं हारी और प्रशासनिक आदेश के ठेंगा दिखाते हुए निर्माण कार्य जारी ही रखा जिसपर तहसील कार्यालय ने अधिकारियों को मौके पर भेज पुनः कार्य बंद करवाने की कार्यवाही की जा रही है

कानूनी नोटिस सिस्टम पर अतिक्रमणकर्ता का चोंट

कल्याण पुर में स्थित खसरा क्रमांक 23 में हो रहे अतिक्रमण में तहसीलदार द्वारा 15 जुलाई को जारी स्थगन आदेश के बाद भी काम न रुकने का कारण है कि जिस जमीन पर तहसीलदार साहब ने स्थगन आदेश सहदेव पिता नन्हे प्रसाद के नाम पर किया था अब लेकिन उस निर्माण कार्य को अभिमन्यु नामक व्यक्ति ने शुरू करवा दिया है जब अभिमन्यु के नाम पर स्थगन आदेश जारी किया जाएगा तब इस निर्माण कार्य पर किसी तीसरे व्यक्ति का नाम से अतिक्रमण किया जा सकता हैं अतिक्रमणकारियों ने तो शासन को इस प्रकार चुनौती दे दी है

अतिक्रमणकारियों को किसका संरक्षण

तहसीलदार जैसे उच्च अधिकारियों के आदेशों को उलंघन करने वाले अतिक्रमणकारियों के हौंसले आखिर किनके संरक्षण में इतने बुलंद है कि सरकारी आदेशों को उलंघन करने से ये लोग नही चूक रहे है। क्या इन अतिक्रमणकारियों के पीछे सफेद पोस लोगो का हाथ है या सरकारी कार्यालय संलिप्तता है क्या जो सरकारी आदेशो के उलंघन के बावजूद कार्यवाही से बच जा रहें हैं।

पंचायत की मौन सहमति है क्या ?

पंचायत के सरपंच, सचिव, पंच किसी का भी विरोध या प्रस्ताव पंचायत की तरफसे नहीं आया है पंचायत में राजस्व की शासकीय भुमि पर बाहरी व्यक्ति का अतिक्रमण कर कब्जा करने की गतिविधि पर पंचायत का मौन रहना सवाल खड़ा करता है।

> उक्त भुमि पर स्थगन आदेश कार्यालय के द्वारा जारी किया गया था पुनः कार्य प्रारंभ की सूचना पर विभाग के अधिकारी कार्य को बंद करवाया गया है
>
> **रमेश मेहता** (तहसीलदार बागबाहरा)

खाद की कमी एवं बिजली कटौती को लेकर भाजपाइयों ने सौंपा ज्ञापन

खरोरा/नवप्रदेश । प्रदेश में हो रही खाद की कमी एवं बिजली कटौती को लेकर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पदाधिकारीयो ने आज राज्यपाल अनुसुईया उइके के नाम खरोरा सहकारी सेवा समिति के प्रबंधक एवं विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस सरकार व्दारा प्रदेश के किसानों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। भाजपा किसान मोर्चा रायपुर ज़िला ग्रामीण के अध्यक्ष अनिल नायक ने कहॉ की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार प्रदेश में किसानों को जिस प्रकार से किसानी कार्यो मे प्रताड़ित कर रही है ये दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उन्होने कहॉ की किसान खेती के लिए साख समिति से खाद व क़र्ज़ लेता हैं। खाद की व्यवस्था सुनिश्चित करता हैं। किंतु आज साख समितियो में खाद्य की आपूर्ति नहीं किये जाने के चलते किसानों को मजबूरन प्राईवेट संस्थानों से ऊँचे दामों में खाद ख़रीदना पढ़ रहा हैं। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने राज्यपाल से प्रदेश में रासायनिक खाद की कमी दुर करने, सोसायटियों के माध्यम से किसानों को खाद उपलब्ध कराने, वर्मी कम्पोस्ट खाद के दामों पर नियंत्रण रखने सहित किसान बिजली लाइन अटल ज्योति व ग्रामीण क्षेत्रों में बार बार हो रहे बिजली कटौती रोकने की माँग कि गई। इस दौरान प्रमुखरूप से भाजपा किसान मोर्चा ज़िला अध्यक्ष अनिल नायक, नपं खरोरा अध्यक्ष अनिल सोनी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ गुलाब सिंह टिकरिहा, एकनाथ पाटिल, ज़िला महामंत्री राजकुमार ठाकुर, पार्षद तोरण ठाकुर, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकास ठाकुर, मोहरेगा सरपंच सरजू साहू, चंद्रकुमार डडसेना, गजेन्द्र वर्मा, शत्रोहण साहू, छगन यादव, रमेश शर्मा, जोशी कुमार, राजेंद्र वर्मा, ब्रिजेश आदी लोग उपस्थित थे।

एबीसी पब्लिक स्कूल सारागॉव में इन्वेस्टर सैरेमनी का आयोजन

खरोरा/नवप्रदेश। ए.बी.सी पब्लिक स्कूल सारागांव में स्कूल बोर्ड ने नव निर्वाचित विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिये स्टूडेंट्स काउंसिल इनवेस्टर सैरेमनी बहुत हर्ष उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस मौक पर स्कूल के मुख्य प्रबंधक विभिषण वर्मा और स्कूल संचालक श्रीमति अनिता वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुये। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया गया। आज के युवाओं मे उच्चस्तरीय नेतृत्व के गुणों की आवश्यकता पर प्रकाश प्राचार्य सूर्यकांत वर्मा ने चुने विद्यार्थियों का परिचय देते हुये उन्हें कप्तान पद की शपथ दिलाई। सैश और बैज लगाकर उन्हें उनके पद सौंप गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने नव चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उन्हें कुछ कर दिखाने के लिये प्रेरित किया।

दय के विद्यार्थियों ने साइंस ओलंपियाड में भी अपना परचम लहराया

कवर्धा/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर आयोजित साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा प्रतियोगी परीक्षा में अभ्युदय के कक्षा - दसवीं की छात्रा मिहिका जैन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 22 रैंक और जोनल स्तर पर 09 रैंक हासिल कर अपना लोहा मनवाया।गौरतलब है कि मिहिका जैन ने विगत दिनों घोषित किए गए सी.बी.एस.सी. दसवीं बोर्ड परीक्षा में 95.4त्न अंको के साथ अभ्युदय स्कूल में विजय पताका फहराया है और वही अभ्युदय स्कूल के माध्यमिक विभाग से कक्षा - सातवीं के छात्र अभिनव कुमार राम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 04 रैंक व जोनल स्तर पर 02 रैंक हासिल कर सभी को अपने अद्वितीय प्रतिभा से मंत्र - मुग्ध कर दिया । दोनों विद्यार्थियों के विशेष योग्यता की प्रंशसा करते हुए संस्था प्राचार्या श्रीमती व्ही.शोभा जी ने कहा कि दृढ़ निश्चय और सच्ची लगन,कार्य के प्रति समर्पण भाव ही हमे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है साथ ही उन्होंने समस्त विद्यालय परिवार की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया ।

वन विभाग ने किया अवैध अक्रिमणकारियों का ट्रैक्टर जब्त

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा वनमंडल अंतर्गत विभिन्न परिक्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण, कटाई, उत्खनन को नियंत्रित करने तथा वन एवं वन्यप्राणी की सुरक्षा के लिये लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 22 जुलाई को श्री चूड़ामणि सिंह (भा.व.से.) वनमंडल अधिकारी, कवर्धा वनमंडल के निर्देशन एवं अनिल साहू, उप वनमंडलाधिकारी, स.लोहारा के माग दर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी, स.लोहारा अनुराग वर्मा, व.क्षे. एवं उनके टीम (अमित ध्रुव, वनपाल एवं रोहित निषाद, वनरक्षक) के द्वारा वन परिक्षेत्र सहसपुर लोहारा के अंतग र्त रानीदहरा परिसर, कक्ष क्रमांक पी.एफ 277 के 0.087 हे. क्षेत्र में अवैध रूप से जोताई करते हुए एक नग ट्रैक्टर जप्त किया गया। टीम के द्वारा भारतीय वनाधिनियम 1927 की धारा 33(1) ''ग'', 52, भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 63 ''सी'' के तहत् वन अपराध प्रकरण क्र. 17177/15 दिनांक 22.07.2022 दर्ज कर अपराधी नीतेश पिता श्रीराम जाति तेली उम्र 22 वर्ष एवं श्रीराम पिता झगरू, जाति त ेली, उम्र 42 वर्ष, दोनो निवासी ग्राम रानीदहरा, पो. सूरजपुरा (जं.), थाना-सिंघनपुरी (जं.), तहसील सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम से एक नग ट्रैक्टर, नंबर सी.जी. 09, जेसी 8327, महिन्द्रा 475 डी.आई., इंजन नंबर-एनजेएनएच 01758, चेचिस नंबर-एनजेएनएच 01758 जप्त कर सुपुर्द में लिया गया।

विदित हो कि पूर्व में भी सहसपुर लोहारा के अंतर्गत मिनमिनिया दक्षिण परिसर, कक्ष क्रमांक पी.एफ 257 एवं 258 म ें अवैध रूप वृक्षों की कटाई, वृक्षों के तनों की गर्डलिंग, वन सम्पदा को नुकसान पहुंचाने, वन्यप्राणियों के आवास को नष्ट करने, औषधिय पौधों की कटाई, वन सीमा चिन्हां को नष्ट करते पाये जाने पर आरोपियों को गिरफ्तार कर कारागार कवर्धा में रखा गया है। आरोपियों के विरूद्ध वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 1(15), भारतीय वनाधिनियम 1927 की धारा 30(1) ''क'' एवं 33(1)क, 33(1)ग, 33(1)च, जैव विविधता अधिनियम 2002 धारा 2 ''सी'', 55, 58 एवं लोक सम्पत्ति, निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3 के तहत् वन अपराध प्रकरण क्र. 17189/05 दिनांक 12.03.2022 दर्ज कर 05 आरोपी (01 फरार) एवं वन अपराध प्रकरण क्र. 17189/06 दिनांक 12.03.2022 दर्ज कर 04 आरोपी (01 फरार) को माननीय न्यायालय न्यायायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, कवर्धा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय न्यायायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, कवर्धा पकड़े गये सभी आरोपियों को कारागार कवर्धा में दाखिल कराया गया।

शिक्षकों की मनमानी से ग्रामीण परेशान

◗ मध्यान्ह भोजन में चल रही भर्राशाही

खैरागढ़/नवप्रदेश। समीपस्थ ग्राम पंचायत मुतेड़ा के मिडिल स्कूल के प्राचार्या एवं प्राथमिक स्कूल के प्रधानपाठक के मनमानी से ग्रामीण परेशान है बता दें कि दोनों स्कूलों में पढ़ाई व्यवस्था, स्कूल को मिलने वाली राशि में हेरफेर सहित मध्यान्ह भोजन में घोर लापरवाही के लिए ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा से मिलकर कार्यवाही करने की मांग की है पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक को बताया कि दोनों स्कूलों में पढ़ाई का स्तर दिनो दिन घटता जा रहा है साथ ही बच्चो को मिलने वाले मध्यान्ह भोजन में पूरी गुणवत्ता नही होती साथ ही दोनों स्कूलों के लिए शासन से मिलने वाले राशि को शिक्षकों के द्वारा लम्बे समय से लिपापोती करते हुए मनमानी किया जा रहा है साथ ही स्कूलों को मिलने वाले राशि को शाला विकास प्रबंधन समिति के बिना अनुशंशा कराये शिक्षकों द्वारा निकाल लिया जाता है साथ ही राशि का आय-व्यय की जानकारी प्रबंधन समिति को नही दिया जाता है ग्रामीणों ने साफ तौर पर कहा है कि दोनों स्कूलों के प्रधानपाठक को तत्काल हटाया जाए नही तो स्कूलों में तालाबंदी किया जाएगा। गौरतलब है कि अधिकारियों के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं होने की वजह से क्षेत्र के स्कूलों में मिलने वाले मध्यान्ह भोजन की स्थिति दयनीय स्थिति में है तथा शासन के निधार्रित मापदण्डो के अनुरूप बच्चो को मध्यान्ह भोजन नही खिलाया जा रहा है जिसके चलते मध्यान्ह भोजन संचालको के हौसले बुलंद हो गए हैं वही दूसरी ओर ग्रामवासी भी इस समस्या को लेकर उच्च अधिकारियों तक शिकायत नहीं करते जिसके चलते बच्चो के मध्यान्ह भोजन में काँटामारी किया जा रहा है दूसरी ओर शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा अपने विभाग के कर्मचारियों को कार्यवाही नही करने के चलते लगातार शिक्षकों की मनमानी चल रही है ।

> पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा मुझे शिक्षकों की मनमानी करने सहित शाला विकास की राशि में हेरफेर की शिकायत मिली है जिस पर बीईओ को सम्बन्धित विषय में जांच करके प्रतिवेदन उच्च अधिकारियों को भेजने के लिए कहा गया है
>
> **यशोदा नीलाम्बर वर्मा**

> ग्राम मुतेड़ा के स्कूलों में जाकर जांच करने के बाद उच्च अधिकारियों को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।
>
> **महेश भुआर्य,** बीईओ खैरागढ़

कलेक्टर ने टीकाकरण की अपील

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत जिले में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों का निःशुल्क कोविड-19 टीकाकरण लगातार किया जा रहा है। कलेक्टर डोमन सिंह ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि कोरोना की चौथी लहर से सुरक्षा के लिए सभी नागरिक टीकाकरण अवश्य कराएं। 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को निःशुल्क टीका लगाया जा रहा है। जिन्होंने दूसरा टीका लगवाया है वे अपने नजदीकी टीकाकरण केन्द्र में जाकर प्रिकॉशन डोज जरूर लगवाएं। हर नागरिक इस अभियान में अपना योगदान दें।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क प्रथम, द्वितीय एवं प्रिकॉशन डोज लगाने के लिए निर्धारित स्थानों में शिविर लगाया जा रहा है। शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री, जिला अस्पताल बसंतपुर, दिग्विजय स्टेडियम, गुरूद्वारा, उप स्वास्थ्य केन्द्र शंकरपुर, मोतीपुर स्कूल, लखोली स्कूल, मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से वेसलियन स्कूल, मीलचाल शिव मंदिर, जय स्तंभ चौक, पेण्ड्री अटल आवास, कन्हारपुरी शंकर भवन, नंदई यादव भवन में टीकाकरण किया जा रहा है।

अनिश्चितकालीन आंदोलन का शंखनाद

खरोरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 34% महंगाई भत्ता की स्थान पर अभी भी राज्य के कर्मचारियों, अधिकारियों व शिक्षकों को केवल 22% महंगाई भत्ता दिया जा रहा है, तथा पेंशनरों को मात्र 17% महंगाई भत्ता दिया जा रहा है! जबकि केंद्र सरकार व अन्य राज्य सरकारों द्वारा कर्मचारियों, अधिकारियों, व शिक्षकों को 34% महंगाई भत्ता दिया जा रहा है! छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारियों को 12% कम महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है तथा गृह भाड़ा भत्ता को अब तक 7 वें वेतनमान के अनुसार पुनरीक्षित नहीं किया गया है जिससे छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारियों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं पेंशनधारीयों को प्रतिमाह 4 हजार से 14 हजार रुपये तक आर्थिक नुकसान हो रहा है!

देय तिथि से महंगाई भत्ता व गृह भाड़ भत्ता के मांग को लेकर समय-समय पर ज्ञापन दिया गया साथ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर के राज्य सरकार को अवगत कराया गया था, लेकिन आज पर्यंत इस कोई निर्णय नहीं लिया गया! जिसके कारण ही आज राज्य के समस्त कर्मचारियों को आंदोलन का सहारा लेना पढ़ रहा है! आंदोलन के इस निर्णय का समर्थन करते हुए आज छत्तीसगढ़ टीचर्स एशोसिएशन विकास खंड तिल्दा- नेवरा ने भी अनिश्चित कालीन आंदोलन के लिए मुख्यमंत्री , मुख्य सचिवों के नाम ज्ञापन सौंपा गया! आज विकास खंड शिक्षा अधिकारी और अनुविभागीय अधिकारी तिल्दा-नेवरा को ज्ञापन सौंपा गया! छत्तीसगढ़ टीचर्स एशोसिएशन विकास खंड तिल्दा- नेवरा के सभी शिक्षकों से अपिल करता हूँ कि आप सभी 25 जुलाई को आरंभ हो रहे इस आंदोलन में अपनी भूमिका का निर्वहन अवश्य करें!

ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल प्रसाद वर्मा के साथ उपाध्याय नरोत्तम ध्रुव,सचिव योगेश वर्मा, अश्वनी वर्मा, विजय कुमार ध्रुव,मदनलाल वर्मा, अरुण कुमार वर्मा, शेखर वर्मा,उकेरा वर्मा,श्रीमती कल्याणी वर्मा, श्रीमती सरीता वर्मा, प्रियेश तिवारी, शिव कुमार धृतलहरे, चित्रसेन वर्मा, आदि शिक्षक शामिल रहे!

आत्मनिर्भर बनें जीवन में हमेशा आगे बढ़े

खैरागढ़ (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ के एक छोटे से नवागांव कला खैरागढ़ में रहने वाली 24 साल कि लक्ष्मी रजक हमारे देश के सभी युवा पीढ़ी का सपोर्ट चाहती है ।आखिर कब तक हमारे देश कि जनता हर एक छोटे-छोटे कार्यों के लिए सरकार के ऊपर आश्रित रहेंगे एक कदम में आगे बढ़ती हूं ।एक कदम आप सब भी आगे बढ़े सोच बदले ।हमारे भारत देश को आजाद हुए 70 वर्ष हो गए हैं , लेकिन आज भी लोग मंदिर मस्जिद के नाम पर आपस में लड़ते रहते हैं। लेकिन देश कि जनता देश के आने वाले पीढ़ी के लिए भेदभाव का ज्ञान देते रहते हैं। हम हिन्दू हैं तो हम मुस्लिम है। यदि यही बातें हमेशा होता रहेगा तो हम सबके बीच भाईचारा स्नेह प्रेम कहां से बन पाएगा ।हम सबको सभी धर्म को अपनाना होगा ,सभी धर्मो का आदर सम्मान करना होगा। हमारा सर्वप्रथम कर्तव्य है। देश के विकास कार्यो को लेकर बदलाव तो बहुत हुआ है, लेकिन आज भी हमारे देश में बुलेट ट्रेन लाते लाते , रेल्वे खत्म। रोजगार लाते लाते , नौकरियां खत्म।बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,बेटी बचाओ ,बेटी बचाओ कहते कहते बेटियां हि खत्म हो रही है । मंहगाई दूर करते करते महंगाई आसमान छू रही है ।सबका साथ सबका विकास करते करते देश में भाईचारा खत्म हो रहा है। स्वास्थ्य बीमा देते देते ,जीवन बीमा खत्म। और नई शिक्षा नीति लाकर शिक्षा का उद्देश्य हि खत्म हो रहा है ।

जिस वजह से चलान कर रहे हो वो वजह ही खत्म कर दो न सरकार ।किसी के पास हेलमेट नहीं है, तो हेलमेट का पैसा लेकर हेलमेट दे दो ताकि दोबारा गलती न करें।और एक्सीडेंट होने पर भी एक खरोंच भी न आए किसी को। डाइविंग लाइसेंस नहीं है ,तो On the spot लाइसेंस बनाओं, हमारे देश के स्वच्छता अभियान में भारत सरकार हि क्यूं हम सबका कर्तव्य होता है ।हम सबसे पहले अपना कदम आगे बढ़ाए ।लोग भी सुधरेंगे देश ,भी सुधरेगा। सरकारी कार्यालयों के कार्यों में भष्टाचार भी खत्म होगा।.

कैरोल जॉन का सुयश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सीबीएसई के परिणाम में खालसा पब्लिक स्कूल डोंगरगढ़ में अध्ध्यनरत कक्षा 10वीं की छात्रा कैरोल जॉन ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला सहित शहर को गौरान्वित किया है। शाला के अध्यक्ष श्री अरोरा एवं सदस्य बाबू कक्कड़, प्राचार्या मण्डला वेदवती एवं समस्त शिक्षक सोनू सर, भट्टाचार्य सर, माधवी मैडम, राजेन्द्र सर, चतुर्वेदी सर, दीक्षा मैडम, अमित मैडम सहित अन्य शिक्षक भास्कर सर, तोशी मैडम, निवेदीता मैडम, दुर्गा मैडम, प्रियंका मैडम, प्रेमलता मैडम, परिवार के सदस्यों एंडरसन नील जॉन, नेल्सन जॉन, गेब्रियल जॉन ने अच्छे अंक प्राप्त करने एवं उज्जवल भविष्य के लिये कैरोल जॉन बधाई एवं शुभकामनायें दी।

भाजयुमो ने बेरोजगारी भत्ता मांगने विधानसभा स्तरीय एसडीएम कार्यालय का किया घेराव

कवर्धा/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा बेरोजगारी भत्ता व रोजगार मांगते हुए विधानसभा स्तरीय आंदोलन किया गया।

भाजयुमो ने पंडरिया के सामुदायिक भवन से रैली के रूप में पूरे पंडरिया नगर का भ्रमण करते हुए एसडीएम पंडरिया के कार्यालय पहुंचे पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ प्रदेश का युवा आक्रोशित है आज पूरे पंडरिया क्षेत्र की युवा अपने अधिकार के लिए सरकार से मांग कर रहे हैं भाजयुमो जिला अध्यक्ष पीयूष सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने युवाओं से चुनाव पूर्व वादे किये थे कि प्रत्येक बेरोजगार युवक को 2500 प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देंगे आज 44 माह बीत जाने के बाद भी किसी युवा साथी को बेरोजगारी भत्ता नही मिला है , भुपेश बघेल ने बड़े बड़े होर्डिंग लगा 5 लाख रोजगार दिया गया ऐसा प्रचारित कर रहे परंतु विधानसभा में प्रश्नकाल में जानकारी मिली कि पूरे प्रदेश में केवल 20791 लोगो को रोजगार दिया गया है, जब कोई युवा मुख्यमंत्री से जन चौपाल में प्रश्न करता है तो उसे चुप करा थाने में बैठा दिया जाता है जिसके विरोध में भाजयूमो ने युवाओ के अधिकार के लिए पंडरिया एसडीएम कार्यालय का घेराव किया घेराव में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी भाजपा जिला महामंत्री कांति गुप्ता भाजपा मंडल अध्यक्ष गजपाल साहू भाजयुमो महामंत्री विशाल शर्मा विक्की अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष तूकेश चंद्रवंशी जिला मंत्री सचिन गुप्ता अजय ठाकुर सौरभ सिंह मंडल अध्यक्ष नरोत्तम साहू अमित चंद्रवंशी विकास तिवारी दशरथ कुंभकार मनहरण साहू बड़ी संख्या में भाजयुमो के कार्यकर्ता उपस्थित थे

छात्राओं को महिला एवं बालक बालिकाओं से संबंधित अधिकारों की जानकारी देकर जागरूक किया गया

◗ स्कूल में स्थापित किए गए कबीरधाम पुलिस का सुरक्षा एवं सुझाव पेटी

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले की महिला एवं बालक बालिकाओं को उनके अधिकारों की विस्तारपूर्वक जानकारी देकर जागरूक करने हेतु अभिव्यक्ति कार्यक्रम के तहत आज दिनांक-23/07/2022 को कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे एवं महिला सेल टीम के द्वारा शहर के कचहरी पारा में स्थित नवीन कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पहुंच कर विद्यालय में उपस्थित छात्राओं को अभिव्यक्ति कार्यक्रम के तहत महिला एवं बालक बालिकाओं के अधिकारों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटी के द्वारा स्कूली छात्राओं को अपना परिचय देते हुए अभिव्यक्ति कार्यक्रम के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए अभिव्यक्ति एप अन्य मोबाइल ऐप से अलग क्यों है, तथा अभिव्यक्ति ऐप से महिलाओं एवं बालक बालिकाओं को कौन-कौन सी सुरक्षा संबंधी सुविधाएं मिलती है, की जानकारी विस्तार पूर्वक देते हुए सभी को अपने-अपने माताओं एवं बहनों तथा पड़ोस में रहने वाली महिलाओं एवं छात्राओं के मोबाइल में अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड करने अपील किया गया, साथ ही जिनके पास एंड्रॉयड फोन नहीं है, और वह मोबाइल ऐप डाउनलोड नहीं कर सकते तो उन्हें डायल 112 की उपयोगिता बताते हुए यदि किसी भी प्रकार की समस्या या संकट आ जाती है, तो टोल फ्री नंबर डायल 112 पर कॉल करने कहा गया जिससे तुरंत ही पुलिस टीम आपके मदद के लिए पहुंचेगी कहकर यदि स्कूल आते जाते समय किसी भी चौक चौराहे पर किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्व यदि छेड़छाड़ या परेशान करते हैं, तो बेझिझक होकर तत्काल महिला सेल, पुलिस कंट्रोल रूम या डायल 112 को जानकारी देने कहकर जब भी थाना पेट्रोलिंग, पेट्रोलिंग करते हुए आपके घर के सामने से निकले तो उन्हें बेझिझक होकर रुकवा कर ऐसे स्थानों की जानकारी देवें जहां पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा हुआ रहता है। ताकि पेट्रोलिंग टीम के द्वारा उन असामाजिक तत्वों को जिसकी सूचना आप देंगे उनको वहां से तुरंत हटवाया जाएगा तथा उचित वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी कहकर उपस्थित स्कूली शिक्षिकाओं को मोबाइल पर अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कराया गया।

सुझाव व समाधान पेटी

स्कूली छात्रों को अपनी किसी भी प्रकार की समस्या को जो वह ना थाना आकर ना मोबाइल ऐप के माध्यम से ना कॉल कर दे सकती है। उन सुझाव को पुलिस तक पहुंचाने के लिए कबीरधाम पुलिस का *सुझाव समाधान पेटी* स्कूल में स्थापित किया गया है। जिसमें किसी भी छात्रा के द्वारा अपने ऊपर हो रहे किसी भी प्रकार की प्रताड़ना को लिखकर उस पेटी में डालने डाल सकती है तथा पुलिस को किसी प्रकार का सुझाव भी देना चाहे तो बेझिझक होकर पेटी में सुझाव पत्र भी लिख कर डाल सकती हैं, जिसे सप्ताह में 1 दिन महिला सेल की टीम के द्वारा जाकर उन शिकायतों/ सुझाव को प्राप्त कर उनका तत्काल निराकरण किया जाएगा।

स्कूली छात्राओं के द्वारा सुरक्षा संबंधी तथा कैरियर गाइडेंस से संबंधित अनेकों प्रश्न अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से किया गया, प्रश्न करने वाली छात्राओं के लिए जोरदार ताली बजाकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए बड़े ही सरल शब्दों में छात्राओं को उनके प्रश्नों का उत्तर विस्तार पूर्वक दिया गया।इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे के कुशल नेतृत्व में महिला सेल प्रभारी विजया कैवर्त्य, आर.रोमन चंद्रवंशी, महिला आरक्षक रेवती साहू, चालक आरक्षक आशीष चंद्रवंशी, तथा नवीन कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला से श्री प्रमोद शुक्ल प्राचार्य, श्री संतोष पाण्डेय व्याख्याता, श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय व्याख्याता, श्रीमती लक्ष्मी मरकाम व्याख्याता, श्री विजय ठाकुर व्याख्याता, श्री प्रभु दयाल देशमुख व्याख्याता, श्री राकेश पाण्डेय व्याख्याता, श्री बिसेन चंद्रवंशी व्याख्याता, वैजयंती गुप्ता व्याख्याता, कृष्णलता उपाध्याय व्याख्याता, गायत्री गुप्ता व्याख्याता, राधेश्याम राय व्याख्याता, उमेंद कुमार निर्मलकर, एवं अधिक संख्या में स्कूली छात्राएं उपस्थित थे।

हत्या के आरोपी को पुलिस ने 3 दिन में किया नागपुर से गिरफ्तार

▶ आरोपी द्वारा नाबालिग बालिका की अपहरण कर सुनियोजित तरीके से किया हत्या

▶ आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू, मोटर सायकल व बैग घटना स्थल के पास से किया गया जब्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि, प्रार्थी निवासी कातलवाही का 19 जुलाई 2022 को रात्रि में रिपोर्ट दर्ज कराया की इसकी नाबालिग पुत्री जो स्थानीय विद्यालय डोंगरगढ में 09 वी कक्षा में पढ़ती है। 19 जुलाई 2022 के सुबह 8 बजे अपने बडे पिताजी के साथ स्थानीय विद्यालय पढने के लिए गयी थी, उसके बड़े पिताजी नाबालिग बालिका को स्कूल छोड़कर वापस घर आ गये। नाबालिक बालिका स्कूल से छुट्टी होने के पश्चात करीबन 2.40 बजे बस से घर वापस आया करती थी। घटना दिनांक को घर वापस नहीं आयी थी, उसके बड़े पिताजी स्कूल एवं उनके सहेलियों, स्कूल स्थानीय टीचर, स्कूल के गार्ड, आसपास रहने वाले परिजनों आदि में जाकर पता तलाश किये, जिससे उसके बारे में कोई पता नही चला। पता नहीं चलने पर थाना डोंगरगढ़ में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की नाबालिक पुत्री को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अपहरण कर ले गया है। जिस पर पुलिस द्वारा थाना डोंगरगढ़ में गुम इंसान क्रमांक 71/2022 एवं अपराध क्रमांक 539/2022 धारा 363 भादंवि पंजीबद्ध किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुये घटना के संबंध में तत्काल पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ठाकुर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डोंगरगढ़ नेहा पाण्डेय एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ केके पटेल को

अवगत कराया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मामले की गंभीरता को लेते हुये तत्काल अपहृता बालिका की पता साजी हेतु अलग-अलग पुलिस टीम बनाई गई।

क्षेत्रीय स्तर पर सूचना एकत्रित करने हेतु रवाना किया गया। टीम द्वारा स्कूल के पास ही इण्डेन गैस एजेंसी की सीसीटीव्ही फुटेज पर देखा गया की अपहृता किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ ग्राम ढारा खैरागढ़ की ओर मोटर सायकल में जाते हुये देखा गया। अनुसंधान के दौरान ही पता चला की घोटिया डंगोराडेम के आसपास घने जंगल झाडी में एक लड़की स्कूल ड्रेस पहनी मृत अवस्था में पड़ी है। सूचना मिलने पर बिना विलंब किये गुम बालिका के पिता को साथ लेकर घटना स्थल डंगोराडेम पुलिस टीम जंगल पहुंची, एक लड़की मृत अवस्था मिली। परिजनों द्वारा मृतिका की पहचान अपनी अपहृता नाबालिग पुत्री के रूप में की गयी। घटनास्थल के निरीक्षण पर मृतिका की मृत्यु संदेहास्पद लगने पर मौके पर ही मृतिका के शव का विधिवत पंचनामा कार्यवाही की गई। रात्रि होने कारण शव को सुरक्षार्थ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ के शव गृह में रखा गया। दूसरे दिन डॉक्टरों की टीम की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट में मृतिका की मृत्यु किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा गर्दन को धारदार हथियार से काटकर हत्या करना पाया गया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक ठाकुर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डोंगरगढ़ नेहा पाण्डेय एंव वैज्ञानिक अधिकारी (एफएसएल) व पुलिस टीम-सायबर टीम-डॉग स्कॉट-फोटो ग्राफर-विडियो ग्राफर घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण किया गया। हत्या की छानबीन हेतु पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव द्वारा नेहा पाण्डेय के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई जिसमें पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केके पटेल एवं निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार स्वर्णकार, उनि राधा बोरकर, सउनि द्वारिका प्रसाद सायबर सेल प्रभारी, अनिल शुक्ला, हेमंत साहू, अवध किशोर साहू, मनीष मानिकपुर, मनीष वर्मा, आदित्य सिंह, मनोज खुंटे, दुर्गेश भुआर्य अधिकारी शामिल थे। टीम द्वारा अज्ञात आरोपी की पता साजी की जा रही थी। प्राप्त कॉल डिटेल, टावर लोकेशन में आये नंबरो का अध्ययन किया जा रहा था। इसी बीच जरिये मुखबीर से सूचना मिली की घटना स्थल के आसपास एक संदेही घटना समय पर संदिग्ध अवस्था में देखा गया।

नदी में छलांग लगाए छात्र का 28 घंटे बाद मिला शव

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा बिलासपुर सड़क मार्ग पर नगर से 6 किमी दूर सेमरियाघाट स्थित शिवनाथ नदी में शुक्रवार की दोपहर छलांग लगाये स्कूली छात्र का शव घटना के लगभग 28 घंटे बाद कुम्हारखन और मनकू दीप से लगे गांव देवाकर के पास मिल गया है। ग्रामीण पुलिस शव को अपने सुपुर्द लेकर आगे की कार्यवाही कर रही है। मृतक की पहचान कुशल साव के रूप में की गई है जो कल उफनती नदी में छलांग लगा दिया था।

विदित हो कि स्थानीय अंग्रेजी माध्यम की स्कूल में कक्षा 12 वी का छात्र कुशल साव ने शुक्रवार को घोषित सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में अपने आप को फेल हो जाने पर आत्मग्लानि वश घर से अपनी प्लेजर वाहन से सेमरिया घाट पहुँचकर शिवनाथ नदी में छलांग लगा दी थी।घटना की जानकारी ग्रामीणों से मिलने के बाद ग्रामीण पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों और एन डीआरएफ जवानों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया लेकिन देर शाम तक कुछ पता नही चलने पर शनिवार को अन्य रेस्क्यू टीम को बुलवाकर सर्चिंग कराई जहाँ शाम के वक्त स्कूली छात्र का शव कुम्हारखन और मनकू दीप से सटे गॉव दिवाकर के पास एक मछुवारे को दिखा और उसकी सूचना उसने वहां सर्च कर टीम को और पुलिस को दी।पुलिस ने फौरन ही वहाँ पहुँचकर शव को पानी से बाहर निकलवाया तत्पश्चात उसकी शिनाख्ती और पंचनामा के बाद ग्रामीण पुलिस ने शव को पी एम के लिए भाटापारा रवाना कर आगे की जांच कार्यवाही कर रही है।

देउरगांव में बनेगा नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

साजा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा में गत दिवस वित्तीय वर्ष 2022-23 का 2904 करोड़ 41 लाख 70 हजार 571 रूपए का प्रथम अनुपूरक बजट ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रथम अनुपूरक पर सदन में हुई चर्चा का सिलसिलेवार जवाब देते हुए राज्य सरकार के वित्तीय प्रबंधन, उपलब्धियों और अनुपूरक बजट के प्रावधानों की जानकारी दी, मुख्यमंत्री ने चर्चा का जवाब देते हुए अनेक घोषणाएं की। उक्त घोषणा की जानकारी देते हुए संतोष वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा ने बताया कि कुछ माह पहले ग्राम देउरगांव में मां महामाया प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन हुआ था, उक्त कार्यक्रम में जन मानस की मांग पर कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास

विभाग मंत्री रविन्द्र चौबे की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की घोषणा की थी। उक्त बातें पर अमल करते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 की प्रथम अनुपूरक बजट में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ग्राम देउरगांव में खोलने की घोषणा विधानसभा में किया। जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की अधोसंरचना एवं विभिन्न चिकित्सकीय कर्मी की स्थापना के लिए पदों के सृजन के लिए अनुपूरक बजट का प्रावधान किया। जिससे क्षेत्र एवं आसपास के ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया। वहीं कांग्रेसियों ने भी खुशी जाहिर कर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया। खुशी जाहिर करने वाले में मनोज जायसवाल अध्यक्ष प्रतिनिधि साजा, विजय दुबे अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, दिनेश साहू, राजेश चंदेल, बिहारी साहू, विनोद कुंजाम, संतोष तिवारी, राजेश चंदेल, हन्नु साहू, रामसिंह यादव, राजू चौहान, कन्हैया साहू, पंकज राठी, जितेंद्र जैन, राजू दुबे, जलेश्वर सिंह राजपूत, अवधेश गोयल, देवराज केसरिया, जनार्दन सिंह, सेवा राम, खेलन बघेल, चूमेश्वर यदु, संदीप चौबे, संतोष पटेल, संतोष पाण्डेय, सुशील यदु, राजा चौबे, ईश्वर वर्मा, घनश्याम वर्मा, तोप सिंह राजपूत, सतीश ढिमर, संग्राम राजपूत, अंजोर यदु, चित्रकुमार, लोकेश वर्मा, आशीष तिवारी, दुर्गा साहू एवं कांग्रेसजन उपस्थित थे।

करही बाजार स्कूल में रोपा गया फलदार पौधा

भाटापारा/नवप्रदेश। सतपाल जी महाराज की प्रेरणा से मानव उत्थान सेवा समिति रायपुर शाखा करही बाजार द्वारा शनिवार को दीप्ती बाई एवं.विलक्षण बाई के मार्गदर्शन में हायर सेकंडरी स्कूल करही बाजार में 20 फलदार, छायादार एवम औषधीय पौधे का रोपण शाला परिसर में किया गया इस अवसर पर ईश्वर देवदास (प्राचार्य) , हीरा राम पटेल (सरपंच) ,शनि राम मरावी,(संकूल समन्यवक) ,मोती लाल साहू(प्रधान पाठक), टाकेश वर सेन (जन भागीदारी समिति सदस्य) ,,मूलशंकर पटेल,हरि शंकर पटेल,दानी पटेल ,योगेंद्र पटेल रानू पटेल आदि का सराहनीय योग दान रहा।

सुजीत जायसवाल ने बढ़ाया स्कूली खिलाडियों का उत्साह

भटगांव/नवप्रदेश। विकास खण्ड स्तरीय रस्सा कस्सी प्रतियोगिता शा उ मा विद्यालय पुरगांव में सम्पन्न हुआ ।जिसके मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत पुरगाव सरपंच शुकवारा सीताराम डड़सेना , अध्यक्षता सुजीत कुमार जायसवाल शाला विकास समीती अध्यक्ष व विशिष्ट अतिथि उपसरपंच संतोष साहू , युवा नेता शिवेन्द्र डडसेना प्राचार्य एस एस सबर रहे । प्रतियोगिता का शुभारंभ सरस्वती माता के छाया चित्र पर माल्यर्पण व दीपप्रज्वलन कर किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच शुकवारा सीताराम डड़सेना ने कहा कि सभी खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए खेल में हमेशा हार जीत लगा रहता है ,जितने पर अति उत्साहित नहीं होना चाहिए और हारने पर हिम्मत नही हारना चाहिए जो हारा है वह लगातार मेहनत करता रहेगा तो निश्चित रूप से एक दिन जीत निश्चित है।कार्यक्रम का अध्यक्षता कर रहे शाला विकास समिति अध्यक्ष सुजीत जायसवाल ने कहा कि आज सौभाग्य की बात है कि विकासखण्ड स्तरीय खेल का आयोजन हमारे विद्यालय में हो रहा है निश्चित रूप से आने वाले समय इसका पूर्ण लाभ हमारे खिलाडीयो को मिलेगा।और आगे उन्होंने कहा की सभी बच्चों को और आगे जाकर अपनी माता पिता व गुरुजानो एवं स्कूल का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया गया और उन्हों ने कहा कि कोई भी अगर जरूरत हो तो हर संभव मैं मदद करने के लिए आप लोगो का हमेशा साथ हूं, आज यह बहुत कुछ सीखने को मिलेगा । इसने विकास खण्ड से अनेक स्कूल इस प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन किया जिसमें 17 वर्ष बालक व बालिका वर्ग और 19 वर्ष बालक व बालिका वर्ग ने हिस्सा लिया जिसमें 17 वर्ष बालक वर्ग में शा उ मा वि बेलटिकरी उपविजेता व 17 व 19 वर्ष बालिका व बालक वर्ग शा उ मा वि पुरगांव विजेता रही इस प्रतियोगिता में पुरगांव स्ताफ व स्कूल के छात्र छात्राओ का भरपूर सहयोग रहा साथ विकास खण्ड खेल अधिकारी मींझ , international खिलाडी अंत राम व प्रधान सर खेल प्रभारी और प्रो कैवर्त्य शहीद वीर नारायण शा महाविद्यालय बिलाईगढ़ उपस्थित थे द्य कार्यक्रम में विशेष रूप स्कूल के शिक्षक स्टाफ व छात्र छात्राएं सहीत बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित थे।

नवागढ़ ब्लॉक कांग्रेस की बैठक संपन्न

नवागढ़/नवप्रदेश। शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ का संगठन चुनाव के संबंध में बैठक रखा गया। जिसमें जिला संगठन चुनाव अधिकारी अनूप सिंह बैंस,ब्लॉक चुनाव अधिकारी डी नागमणी,संबलपुर चुनाव अधिकारी बबीता, विजय बघेल डॉयरेक्टर अंत्यवसायी सहकारी वित्त विकास निगम, जिला अध्यक्ष बंशी पटेल, जिला पंचायत सदस्य शशिप्रभा गायकवाड़, ब्लॉक अध्यक्ष रामेश्वर साहू, प्रभारी महामंत्री खेमन टंडन, उपाध्यक्ष संजीव पिंटू अनंत, महामंत्री दिनेश तिवारी,मनोहर वैष्णव, रामनिहोरा सेन, तोपसिंग साहू,अजय सिन्हा,लक्ष्मीकांत ठाकुर,बंशी ठाकुर, समारु सिन्हा,ताराचंद भास्कर,रतन दिवाकर, गौकरण साहू, महेश साहू,लेखराम साहू,ललित बघेल,सुखनंदन साहू,नरेंद्र,महेश कुर्रे,मोहित गर्ग,मुरारी साहू, हंसराज गोनार्ड,रामकुमार सप्रे,पप्पू कुमार,गुलशन गायकवाड़,रामाधार पाल,कैलाश सोनी,गौकरण सिन्हा, लक्ष्मीनारायण साहू,जनक साहू,तुलसी साहू,रामभजन साहू,सतीश चतुर्वेदी, भंजन बंजारे,दिलीप निर्मलकर, फेरुराम, जैजैराम,चिंताराम,शिव बंजारे,मोहन साहू,दरोगा साहू,कमलेश ध्रुव व सभी कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

ग्रामीणों के लिए लाभकारी रहा बनरांका का जनचौपाल शिविर

▶ राजस्व विभाग द्वारा 30 किसानों को ऋण पुस्तिका का वितरण

बेमेतरा/नवप्रदेश। आम जनता की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को विकासखण्ड साजा के ग्राम बनरांका में अनुविभाग स्तरीय जनचौपाल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व पुस्तक परिपत्र आर बी सी 6-4 के तहत 8 हितग्राहियों को एक लाख 16 हजार 300 रुपये की सहायता राशि रुपये का चेक वितरित किया गया। शिविर में मांग एवं शिकायत के कुल 57 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 38 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। राजस्व विभाग द्वारा 30 किसानों को किसान किताब (ऋण पुस्तिका) का वितरण किया गया, बैंक में प्रस्तुत करने चार लोगों को सी फार्म का वितरण किया गया और आय, जाति एवं निवास के 18 प्रमाण पत्र बनाया गया। 10 किसानों का नामांतरण शिविर में किया गया। शिविर के दौरान बनरांका में वर्षा भी हुई इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति कायम रही। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने आम जनता से रु-ब-रु होकर उनकी फरियाद सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। शासकीय हायर सेकण्ड्री स्कूल मैदान में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में दूर-दराज के ग्रामीण

अपने आवेदन एवं समस्याओं को लेकर पहुंचे थे।

कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ी में कहा कि आम जनता की भलाई के लिए शासन द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। आम नागरिक इसका लाभ तभी उठा सकते है जब सरकारी योजनाओं की जानकारी हो ताकि लोगों के जीवन स्तर में सुधार आ सके। जनचौपाल शिविर के माध्यम से ऐसे नागरिकों को योजनाओं की जानकारी मिलेगी। दूर-दराज क्षेत्र के लोगों को अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय आना पड़ता है उनकी सुविधा को ध्यान में रखकर यह शिविर लगाया गया है। शिविर में गौठान से जुड़े महिला स्व-सहायता समूह जिसमें ठेलका, देउरगांव, तेन्दुभाठा, मौहाभाठा, भटगांव, सोनचिरईया, बनियाडीह को चारा विकास योजना अन्तर्गत गौठान चारागाह में चारा उत्पादन करने हेतु 20-20 हजार रुपये का चेक वितरित किया गया। शिविर में उद्यानिकी विभाग द्वारा एक हजार नग फलदार पौधे निःशुल्क वितरित किए गये इनमें कटहल, अमरुद, नीबू, सीताफल एवं मुनगा शामिल है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क उपचार एवं दवा का वितरण किया गया। शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा श्रीमती लीना मण्डावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व साजा धनराज मरकाम, कार्यपालन अभियंता आरईएस जीवन लाल मरई (ध्रुव), डीईओ अरविन्द मिश्रा, श्रम अधिकारी एनके साहू, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन चंद्रशेखर शिवहरे, उप संचालक समाज कल्याण अजय गेडाम, कार्यपालन अभियंता विद्युत साजा दिलीप कुमार रात्रे, सहायक संचालक मछली पालन यवन डिंडोरे, सहायक संचालक उद्यान हितेन्द्र मेश्राम, जनपद पंचायत सीईओ कांति ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी जागेश पटेल, तहसीलदार थानखम्हरिया हेमंत पैकरा एवं नायब तहसीलदार, सरपंच बनरांका चंदन सिंह वर्मा सहित जिला स्तर के अधिकारी एवं आस-पास के ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कलेक्टर ने किया वृक्षारोपण

बेमेतरा/नवप्रदेश। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने आज बनरांका के शासकीय हायर सेकण्ड्री स्कूल परिसर में आम के पौधे का रोपण किया। उन्होने आम नागरिकों से बारिश के सीजन में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। जिससे प्रकृति का पर्यावरण संतुलन बना रहे। छ.ग. के पारंपरिक खेती किसानी का पर्व 28 जुलाई हरेली के दिन अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर हम धरती को हरा भरा बना सकते हैं अतः ग्रामीणों से हरेली पर्व के दिन वृक्षारोपण करने की अपील की।

प्रथम पेज का शेष

स्वामी विवेकानंद ने ...

अतिथियों से रायपुर में स्थापित होने वाले स्मारक के स्वरूप के संबंध में सुझाव देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने इसके पहले स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया और आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकृष्ण आश्रम, राजकोट के अध्यक्ष स्वामी निखिलेश्वरानंद ने की। संसदीय सचिव विकास उपाध्याय कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विवेकानंद विद्यापीठ, रायपुर द्वारा संस्कृति विभाग के सहयोग से सम्मेलन का आयोजन किया गया। विवेकानंद विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने राज्यगीत और देशभक्ति पूर्ण गीत की संगीतमय प्रस्तुति दी।

सबको जोड़ने की बात रामकृष्ण परमहंस ने की : सीएम ने कहा स्वामी रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद भावधारा के संबंध में कहा कि सब को जोड़ने की बात यदि किसी संत ने कही है तो वह रामकृष्ण परमहंस ने कही और उस बात को चरितार्थ करने का काम यदि किसी ने किया तो विवेकानंद जी ने किया। स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने कहा था कि आप किसी भी पद्धति से प्रार्थना करिए या पूजा करें, आप एक ही ईश्वर तक पहुंचेंगे। आप किसी भी रास्ते से चलिए आप पहुंचेंगे एक ही जगह पर। उन्होंने समानता की बात कही, जोड़ने की बात कही, यही हिंदुस्तान की ताकत है। भारत की धरती से अनेक धर्म निकले हैं। हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने छत्तीसगढ़ में रामकृष्ण मिशन और विवेकानंद विद्यापीठ के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षा के प्रकाश से जोड़ने, मानव कल्याण का कार्य इन संस्थानों में किया जा रहा है।

धार्मिक गुरू चुप बैठे हुए हैं : मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में कहा कि स्वामी विवेकानंद का कहना था कि पश्चिम के विज्ञान को हमें स्वीकार करना होगा और भारत के अध्यात्म को पश्चिम को स्वीकार करना होगा तभी मानवता आगे बढ़ेगी। आजकल राजनीति करने वाले धर्म की बात कर रहे हैं और धार्मिक गुरु चुप बैठे हुए हैं। हम हिंदू हैं, हमें इस बात पर गर्व है लेकिन किसी और धर्म का अपमान करें यह उचित नहीं है। धर्म कभी घृणा की बात नहीं कर सकता। साधु संत के दो काम हैं, जगत का कल्याण और आत्म उन्नति यदि आपके मन में घृणा है तो आप साधु नहीं।

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
बीजापुर वनमंडल, बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ.ग.)
नीलाम सूचना

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बीजापुर वनमंडल के बीजापुर/काष्ठागार/बांसागार के ईमारती काष्ठ एवं अगरबत्ती काड़ी का नीलाम दिनांक 01/08/2022 को प्रातः 10.00 बजे से बांसागार नीलाम हाल में किया जावेगा। इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लें। नीलाम की शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवसों में काष्ठागार अधिकारी या वन मण्डल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। नीलाम के पूर्व लाटों को भली भांति देख लें। बाहर से आने वाले व्यापारियों/ क्रेताओं को निम्नलिखित नियमों के पालन करना अनिवार्य होगा :-
1. सोशल डिस्टेसिंग नियम का पालन। 2. क्रेताओं को सीधे नीलाम कार्य में भाग लेकर अपने गंतव्य को वापस जाना होगा। यहां-वहां घूमने की अनुमति नहीं होगी।

काष्ठागार का नाम	नया काष्ठ अनुमानित मात्रा			पुराना काष्ठ अविक्रित		योग :-	
	प्रजाति	घ.मी.	बल्ली/डेंगरी नग	घ.मी.	बल्ली/डेंगरी नग	घ.मी.	बल्ल/डेंगरी नग
1	2	3	4	5	6	7	8
ईमारती काष्ठ							
	अन्य	0.000	0	21.876	0	21.876	0
	योग :-	**0.000**	**0**	**21.876**	**0**	**21.876**	**0**
अगरबत्ती काड़ी							
	अगरबत्ती काडी (चौकड़ी)			लम्बाई 8 इंच			20 क्विंटल

टीप :-
01. प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लाट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10 प्रतिशत के बराबर की राशि या 1000/- रूपए इसमें जो भी अधिक हो जमा करें।
02. क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व कैलेण्डर वर्ष 2022 का पंजीयन एवं आयकर पेन कार्ड की छाया प्रति ई.एम.डी. कक्ष में जमा करना अनिवार्य है।
03. क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व जी.एस.टी. पंजीयन (GSTN) की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
04. विनिर्माता/ उपभोक्ता/व्यापारी लायसेंस एवं आयकर पेन/टिन नंबर की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही वर्क आर्डर जारी किया जावेगा।
05. नीलाम में क्रय किए गए लाटों का विक्रय मूल्य सहित ई.एम.डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा।

वनमंडलाधिकारी
बीजापुर वनमंडल, बीजापुर

जी-93217/4

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, पश्चिम वस्तर संभाग, बीजापुर
:: अल्पकालिन मैनुवल निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्रमांक 2859/NIT-03/2022-23/व.ले.लि. दिनांक 21.07.2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत समक्ष श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुवल निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	2	3
3 T0011	बीजापुर-मोदकपाल-तारलामुड़ा मार्ग के कि.मी. 1 से 6= 6.00 कि.मी. में बी.टी. पेंच का कार्य। प्रथम आमंत्रण	30.00 लाख
3 T0012	नैमेड़-पेदाकोड़ेपाल मार्ग के कि.मी. 4 से 9= 6.00 कि.मी. में बी.टी. पेंच का कार्य। प्रथम आमंत्रण	4.80 लाख
3 T0013	बीजापुर-मोदकपाल-तारलागुड़ा मार्ग के कि.मी. 1 से 6= 6.00 कि.मी. में डब्ल्यू.एम.एम. पेंच का कार्य। प्रथम आमंत्रण	10.00 लाख
3 T0014	नेलसनार-कोडोली-गिरतूर-गंगालूर मार्ग के कि.मी. 10 से 18 = 9.00 कि.मी. में बी.टी. पेंच का कार्य। प्रथम आमंत्रण	30.00 लाख

नोट :- 1 निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 05.08.2022
2. निविदा संबंधी जानकारी विभागीय वेब पोर्टल cg.nic.in/pwdraipur से अवलोकन किया जा सकता है।

टीप :- निविदा क्र. T0011, T0012, T0014 में टेल्स एवं प्लांट से संबंधित Tipper, Paver, Bitumen, Mixing Plant, Hydrolic/Static roller, tenadm roller संबंधित दस्तावेज स्वयं के नाम पर पंजीकृत हो एवं E.P.F. पंजीयन प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. पश्चिम उत्तर संभाग बीजापुर

जी-93209/3

कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)
निविदा सूचना

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-1/2022/550/190 भिलाई, दिनांक 22/07/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑफलाईन (Ofline) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रुपए लाख में)	आवेदन दिनांक	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि
1	वार्ड-12 सूर्या रेसीडेंसी में आर.सी.सी. नाली (लोहे के कव्हर सहित) निर्माण कार्य।	7.78	05.08.2022	12.08.2022
2	वार्ड-12 सूर्या रेसीडेन्सी में ट्यूबलर पोल लगाने का कार्य।	19.59	05.08.2022	12.08.2022
3	वार्ड-12 सूर्या रेसीडेंसी में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य।	4.97	05.08.2022	12.08.2022
4	वार्ड-12 सूर्या रेसीडेन्सी में डोमशेड निर्माण कार्य	19.99	05.08.2022	12.08.2022
5	वार्ड-12 सूर्या रेसीडेन्सी में उद्यान विकास एवं बाउण्ड्रीवाल सौन्दर्यीकरण कार्य।	19.79	05.08.2022	12.08.2022
6	वार्ड-12 सूर्या रेसीडेन्सी में सुलभ शौचालय एवं चेनलिंक फेंसिंग संधारण कार्य।	7.02	05.08.2022	12.08.2022
7	वार्ड-12 सूर्या रेसीडेन्सी में पेवर ब्लाक लगाने का कार्य।	19.97	05.08.2022	12.08.2022

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी uad.cg.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट www.bhilainagarnigam.com से डाउनलोड की जा सकती है।

जोन आयुक्त
जोन-01
नगर पालिक निगम भिलाई

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

हरेली तिहार पर गौठानों में होगी पारंपरिक कार्यक्रमों की धूम

■ गौठानों में गेड़ी दौड़, फुगड़ी, भौंरा, रस्साकसी आदि की होंगी स्पर्धाएं

कवर्धा/नवप्रदेश। ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आजीविका के केन्द्र बने कबीरधाम जिले के गौठानो में हरेली तिहार आगामी 28 जुलाई को बड़े धूमधाम में मनाया जाएगा। राज्य शासन के मंशानुसार कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिले में छत्तीसगढ़ की ग्रामीण कृषि, संस्कृति, परंपरा और आस्था से जुड़े इस हरेली त्यौहार के आयोजनों के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। हरेली त्यौहार के दिन जिले के गोठानों में 28 जुलाई को ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर ग्रामीणों के मध्य गेड़ी दौड़, कुर्सी दौड़, फुगड़ी, रस्साकशी, भौंरा, नारियल फेंक आदि की प्रतियोगिताएं तथा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन आदि की भी स्पर्धाएं होंगी। इसके अलावा जिल के सभी शासकीय और अनुदान प्राप्त स्कूल, तथा आश्रम शालाओं व छात्रावासों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, शाला प्रबंधन समिति स्थानीय कला एवं संगीत मंडलियों की सहायता से संगीतमय गेड़ी नृत्य तथा हरेली की महत्ता पर केन्द्रित प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

हरेली-तिहार छत्तीसगढ़ राज्य का सबसे प्रमुख त्यौहारों में से एक है। यह त्यौहार छत्तीसगढ़ की ग्रामीण कृषि संस्कृति, परंपरा और आस्था से जुड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य के तीज-त्यौहार, परंपरा एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने की पहल के चलते हरेली सहित अन्य तिहार जैसे पोला-तीजा, छेर-छेरा पुन्नी आदि का आयोजन बीते तीन सालों से बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों को अपनी परंपरा और संस्कृति से जोड़ना है ताकि लोग छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला-संस्कृति, तीज-त्यौहार एवं परंपराओं पर गर्व की अनुभूति कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ी तीज-त्यौहारों पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा भी इसी उद्देश्य की पूर्ति का एक हिस्सा, ताकि लोग छत्तीसगढ़ी तीज-त्यौहारों के अवसर पर अपनी बढ़-चढ़कर भागीदार सुनिश्चित कर सकें।

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिला पंचायत सीईओ और शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, आदिमजाति विकास विभाग, पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि राज्य शासन के मंशानुसार हरेली त्यौहार का आयोजन की तैयारियों सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि हरेली के दिन गौठानों में पारंपरिक कार्यक्रम के साथ ही गौठान प्रबंधन समिति, स्व-सहायता समूह, ग्रामीण जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से विशेष आयोजन कराए। कलेक्टर ने हरेली के दिन गौठानों में पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण के लिए विशेष कैम्प कराने के भी निर्देश दिए। गौठानों में पशुओं को नियमित रूप से भेजने, खुले में चराई पर रोक लगाने तथा पशु रोका-छेका अभियान में सभी ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी को लेकर भी चर्चा की जाएगी। हरेली तिहार के दिन किसानों को भी गौठानों में विशेष रूप आमंत्रित कर खेती-किसानी के संबंध में उन्हें समसमायिक सलाह देने के साथ ही उन्हें वर्मी कम्पोस्ट का खेती में उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। गौठानों के प्रबंधन, क्रय किए गए गोबर, उत्पादित वर्मी कंपोस्ट के रखरखाव सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की जाएगी तथा गौठानों में गोबर, वर्मी कम्पोस्ट आदि के सुरक्षित रख-रखाव के लिए छायादार चबूतरा, तिरपाल आदि के प्रबंध की पहल की जाएगी। हरेली तिहार के मौके पर जनप्रतिनिधियों, गौठान प्रबंधन समिति के सदस्यों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणों द्वारा फ लदार, छायादार पौधों विशेषकर कदम का रोपण किए जाए।

कलेक्टर ने धान, अरहर, समेत अन्य फसलों पर फसल बीमा कराने के निर्देश दिए

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कृषि और उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत अधिसूचित धान, अरहर, सोयाबिन और उद्यानिकी फसलों की बीमा कराने के निर्देश दिए है। उन्होने कहा कि जिले के शतप्रतिशत किसानों को इस बीमा योजना से जोड़े ताकि विषम परिस्थियों में किसानों को लाभ हो सके।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत प्राकृतिक आपदाओं, अवर्षा की स्थिति, कीट एवं रोगों के परिणाम स्वरूप अधिसूचित फसलों के नष्ट होने की स्थिति में किसानों को बीमा कवरेज और नुकसान की भरपाई करने के लिए शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरूआत की गई है। जारी अधिसूचना अनुसार सभी ऋणी, अऋणी किसानों से बैंक या प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति या लोक सेवा केंद्र या ऑनलाईन पंजीयन या बीमा अभिकर्ता से बीमा प्रस्ताव प्राप्त करने एवं प्रीमियम कटौती करने की अंतिम तिथि 15 से बढ़ाकर 31 जुलाई 2022 तक की गयी है।

योजनांतर्गत जिले में खरीफ फसल के लिए धान सिंचित, धान असिंचित, सोयाबीन, तुंअर (अरहर) फसलें अधिसूचित है, जिसके लिए प्रीमियम राशि बीमित राशि का खरीफ फसल के लिए 2 प्रतिशत जमा करना है, जो कि किसान द्वारा वहन किया जाएगा। सभी फसलों के लिए ''बीमा इकाई ग्राम'' निर्धारित किया गया है। इस वर्ष भी बीमा के दिशा-निर्देश प्रावधान अनुसार ऋणी कृषक फसल बीमा आवरण में स्वेच्छा पूर्वक शामिल होंगे। जो ऋणी कृषक फसल बीमा आवरण में शामिल नहीं होंगे, उनको बीमा आवरण की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2022 के सात दिवस पूर्व निर्धारित प्रपत्र में असहमति पत्र, के.सी.सी. प्रदायकर्ता बैंक, वित्तीय संस्थानों को अनिवार्य रूप से जानकारी प्रस्तुत करना होगा। अधिक जानकारी के लिए समस्त कृषकको को क्रियान्वयक बीमा कम्पनी के टोल-फ्री नम्बर 18002095959 एवं फार्म मित्र एप गुगल प्ले स्टोर से डाऊनलोड कर बीमा से संबंधित अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है साथ ही अपने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारी समितियों से सम्पर्क कर सकते हैं।

वैक्सीनेशन शिविर में 200 से अधिक कर्मचारियों ने लगाया दूसरा और बूस्टर डोज

■ शिविर में कर्मचारियो ने ब्लड प्रेशर लेवल, शूगर लेवर आदि की जांच कराया

कवर्धा/नवप्रदेश। कोविड कोराना वायरस के संक्रमण और उनके रोकथाम के तहत जिले के 18 प्लस सभी नागरिकों को शतप्रतिशत कोविड टीकाकरण और बूस्टर डोज प्रिकॉशन वैक्सीनेशन कराने के लिए कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिले में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज भारत सरकार के गाईड लाईन अनुसार कोरोना (कोविड-19) से सुरक्षा एवं बचाव के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग कबीरधाम की टीम के द्वारा कवर्धा वनमंडल कवर्धा वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वनमंडल के समस्त कार्यालयीन कर्मचारी तथा अधीनस्थ समस्त उप वनमंडल एवं परिक्षेत्र कार्यालय के क्षेत्रीय एवं कार्यालयीन कर्मचारियों ने लगभग दो सौ से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों ने कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए कोविड के दूसरा टीका लगाया। दूसरा वैक्सीनेशन करा चुके अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने कोविड के बचाव के लिए बूस्टर डोज लगवाया। वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन वनमंडल कार्यालय के सभाकक्ष में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

वनमंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह (भा.व.से.) ने बताया कि कोरोना (कोविड-19) से सुरक्षा एवं बचाव के लिए अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को कोरोना वेक्सिन की बूस्टर डोज लगाने के लिए निर्देशित किया गया था। शिविर में जिन व्यक्तियों को कोरोना की प्रथम व द्वितीय टीका नहीं लगा है उन्हें भी नियमानुसार प्रथम व द्वितीय टीका लगाया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा उपस्थित सभी व्यक्तियों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के साथ ही सभी का ब्लड प्रेशर लेवल, शूगर लेवर आदि की जांच किया गया। उन्होंने वन विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने परिवार से अन्य सदस्यों का कोविड टीकाकरण जरूर कराए। उन्होंने कहा कि अभी करोना वायरस पूर्णतः नियंत्रण नहीं हुआ है। कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां जरूर अपनाए।

झूलन सुख जीव को चौरासी लाख योनियों के नारकीय झूलन से बचाता है : संत भगवानदास

साजा/नवप्रदेश। अनंत ब्रह्माण्ड एक झूले के समान ही है जिसमें सारे जीव झूल रहे हैं। चराचर जगत के प्राणी माया रूपी झूलने में झूल रहे हैं। झूला झूलन बिहारी सरकार किशोरी जू के साथ झूला झूल रहे हैं। प्राणियों को संसार के झूले का तो दर्शन हो रहा है परंतु भगवान के झूले का दर्शन उसी को होता है जिस पर ठाकुर जी की अहैतु कृपा होती है।

श्री रामहर्षण कुंज साजा में चल रहे सावन झूलनोत्सव में संत भगवानदास महाराज ने कहा कि साजा धाम में विराजित राम जी, किशोरी जी साकेतधाम के ही हैं जो ननिहाल में झूलन सुख प्रदान करने आये हैं। जिनके ऊपर इनकी कृपा होगी उनको ही इसका सुख, आनंद प्राप्त होगा। संत भगवान ने कहा जिस जीव के जीवन में रस नहीं है उसका जीवन नीरस है। ऐसे नीरस उदासीन जीव का जीवन व्यर्थ है। जीव को तो सुख की अनुभूति होती है रसमय रसस्वरूप श्री सीताराम जी के आश्रय में। झूलन का यह सुख जीव को चौरासी लाख योनियों के नारकीय झूलन से बचा लेता है। महंत श्री वैष्णवदासजी ने कहा कि झूलन उत्सव का सुख लेने ब्रह्मा महेश आदि सभी देवताओं को पृथ्वी लोक में आना पड़ता है। यहॉ बिराजे युगल सरकार को केवल विग्रह नहीं अपितु साक्षात् मानना चाहिये। भक्तगण सच्ची भावना से जो कामना करेंगे झूलन सरकार उसे पूर्ण करेंगे। यहॉ जैसा अनुपम सुख अयोध्या, वृंदावन, मिथिला में भी सुलभ नहीं है। जीव को जीवन में अनेक प्रकार के सुखों का अनुभव होता है परंतु ऐसा सुख दुर्लभ है। झूलन का दर्शन लाभ लेने साजा सहित अनेक नगरों तथा आसपास के ग्रामीण आ रहे हैं।

पेंशन प्रकरणों के निपटान में व्यवहारिक समस्या के समाधान हेतु कार्यशाला का हुआ आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के अधीनस्थ शासकीय कार्यालयों के सेवानिवृश्र कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों के निपटान में आने वाली व्यवहारिक कठिनाईयों को दूर करने के लिए 21 जुलाई को जिला पंचायत सभागार में कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल, संभागीय संयुक्त संचालक डॉ दिवाकर सिंह राठौर, उप संचालक देवेन्द्र चौबे एवं सहायक संचालक अशोक कुमार राठौर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

संभागीय संयुक्त संचालक डॉ दिवाकर सिंह राठौर ने कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियों को शासकीय कर्मचारियों के सेवा पुस्तिका में कर्मचारी का नाम, जन्म तिथि, नियुक्ति तिथि, सेवानिवृश्र तिथि, नॉमिनी के नाम आदि में त्रुटि का सुधार, अनुपस्थिति अवधि का अवकाश स्वीकृति, अधिक भुगतान की स्थिति में वसूली संबंधी होने वाली व्यवहारिक समस्या का निराकरण के लिए सेवानिवृश्र तिथि के 24 माह पूर्व से पेंशन प्रकरण प्रारंभ किए जाने एवं 3 माह पूर्व पेंशन प्रकरण तैयार कर संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन कार्यालय प्रेषित किए जाने के लिए निर्देशित किया।

उप संचालक देवेन्द्र चौबे ने पदोन्नति, क्रमोन्नति एवं समयमान वेतनमान में वेतन निर्धारण में एक माह के भीतर विकल्प का प्रपत्र प्राप्त किए जाने के लिए तथा जे.डी. से आपिश्र पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण कर पुनः प्रस्तुत करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया। सहायक कोषालय अधिकारी श्री प्रशांत जायसवाल ने पी.पी.टी. के माध्यम से व्यय का ऑनलाईन आंकड़ा पुर्नमिलान, ई-कुबेर भुगतान प्रणाली में भुगतान फेल होने पर दैयक तैयार करने, आभार पेंशन पोर्टल में पेंशन प्रस्ताव भेजने के लिए लंबित का कारण अपलोड करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। कोषालय अधिकारी, मिर्जा इश्तियाक अहमद बेग द्वारा आभार व्यक्त कर कार्यशाला का समापन किया गया।

दुर्लभ बीमारी के चंगुल में नमन वर्मा चिकित्सा सुविधा की कर रहे हैं मांग

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मोतीपुर वार्ड नंबर 3 के निवासी दुष्यंत वर्मा का परिवार के एकलौते बचे बेटे नमन वर्मा जो की स्टेट हाई स्कूल में 9वीं कक्षा का छात्र है जिनको दुर्लभ बीमारी ने जकड़ा हुआ है, जिसे मेडिकल साइंस नॉर्मोस्टिक हाइपोक्लोराइट एनीमिया विद थ्रोमबॉसिस (एप्लास्टिक एनेमिया) कहते है। इसमें होता यह है कि बच्चे के नाक-कान-मुंह से खून निकलता है। इसी दुर्लभ बीमारी ने सन 2016 में अपनी बड़ी बेटी किरण वर्मा को निगल लिया था। सन 2014 से बड़ी बेटी का इलाज रायपुर के मेकाहारा हॉस्पिटल में कई महीनों तक चलता रहा, आखिरकार छोटी सी उम्र में गंभीर बीमारी ने बेटी को परिवार से छीन लिया। अब एक मात्र बचे छोटे बेटे को इस बीमारी ने घेर लिया है। माता-पिता के लिए यह दुख की घड़ी है। इलाज है, पर महंगा और परिवार पहले भी बेटी की इलाज और अब बेटे के टेस्ट करा-कराकर सब चीज लुटा चुके है। परिवार इलाज कराने में विफल है। पिता ड्राइवर और माता सिलाई मशीन का काम करती है। बेटे नमन वर्मा का इलाज दक्षिण भारत के वेल्लोर शहर के सीएमसी हॉस्पिटल मेडिकल संस्थान में चल रहा है, जहां मां-बेटे ने रुक कर तमाम टेस्ट करा चुके है, मां से बोनमैरो लेकर बेटे नमन वर्मा में ट्रांसप्लाट करना बाकी है, इस टेस्ट में मां का सेंपल लिया गया जो आश्चर्य पूर्वक 100 में 100 मिलान हुआ है।

कोरोना से बचाव के लिए एक ही दिन में 12,000 से अधिक लोगों को लगाया प्रिकॉशन डोज

■ कोविड.19 वैक्सीन अमृत महोत्सव अभियान ने पकड़ी रफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। कोविड-19 (कोरोना संक्रमण) से सुरक्षा के लिए 18 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के शत-प्रतिशत लोगों को कोरोना टीके का प्रिकॉशन डोज लगाने के लिए जिले में कोविड-19 वैक्सीन अमृत महोत्सव अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जिला स्तर पर निर्धारित आयु वर्ग के पात्र सभी लोगों को जिले के सभी शासकीय अस्पतालों के टीकाकरण केंद्रों में निःशुल्क प्रिकॉशन डोज लगाया जा रहा है। साथ ही कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए कोविड अनुरुप व्यवहार यानि मॉस्क लगाने, समय-समय पर सैनिटाइज करने तथा आवश्यक सामजिक दूरी बनाए रखने जैसे नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील की जा रही है।

कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए जिले में टीकाकरण कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी कड़ी में कोविड-19 वैक्सीन अमृत महोत्सव अभियान शुरू किया गया है, जो 30 सितंबर तक चलाया जाएगा। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने कोरोना संक्रमण की चौथी लहर से बचाव हेतु लोगों से निर्धारित समय पर टीके का निर्धारित डोज अवश्य लगवाने का आव्हान किया है।

कलेक्टर ने हर घर झंडा कार्यक्रम के लिए जिला स्तरीय समिति का किया गठन

■ आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 11 से 17 अगस्त 2022 तक हर घर झंडा कार्यक्रम होगा आयोजित

कवर्धा/नवप्रदेश। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 11 से 17 अगस्त तक हर घर झंडा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। हर घर झंडा कार्यक्रम के आयोजन एवं सतत मानिटरिंग के लिए कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिला स्तरीय समिति का गठन किया है। कलेक्टर ने समिति के अध्यक्ष जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार अग्रवाल को बनाया है। वहीं नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर होंगे। समिति के सदस्य के रूप में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कवर्धा, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला खाद्य अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग और कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को बनाया है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय ध्वज राष्ट्र का प्रतीक है इसी गौरव को संर्वधित करने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 11 से 17 अगस्त 2022 तक हर घर झंडा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है जिससे आम जन में देश भक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में वृद्धि हो। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि राज्य शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुरूप कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन के दिशा-निर्देश अनुसार जिले के अन्तर्गत सार्वजनिक उपक्रमों, स्व-सहायता समूहो, सामाजिक संगठनों आदि के समस्त कर्मचारियों एवं उनके परिवार की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

छात्रावासों का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जिला बेमेतरा के द्वारा कल पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास बेमेतरा, प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास बेमेतरा, प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास बेमेतरा, पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास बेमेतरा, प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास बेमेतरा, पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास साजा, प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास साजा, पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास साजा तथा प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास साजा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने साफ-सफाई के प्रति विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश छात्रावास अधीक्षकों को दिए। संचालित छात्रावासों में संधारित पंजियों, प्रवेशित छात्र छात्राओं की वास्तविक संख्याओं का जायजा लेते हुए, अधीक्षकों को छात्रावास में निवास करने हेतु निर्देशित किया साथ ही जिले में कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए सभी छात्रावासों के बच्चों के लिए मास्क, सैनिटाइजर, इन्फ्रारेड थर्मामीटर, ग्लूकोमीटर, ग्लूकोमीटर स्ट्रिप, एसपीओ2 मॉनिटर (ब्लड ऑक्सीमीटर) का वितरण किया। सहायक आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान गत वर्ष अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरुस्कार वितरण कर प्रोत्साहित किया एवं इस वर्ष भी अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी।

मृत्यु कारित करने का प्रयास करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रार्थी लक्ष्मीनाथ साहू निवासी ग्राम गाडाघाट ने लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4 जुलाई के दोपहर 2.15 बजे दुर्गेश साहू एवं मयंक ठाकुर अपने मोटर सायकल सीजी 25 जे 7633 होण्डा साईन में ग्राम गाड़ाघाट से खाद खरीदने थानखम्हरिया गया था, थानखम्हरिया से मोटर सायकल में वापस गाडाघाट जाते समय व्यास राईस मिल पपीता बाड़ी के पास ग्राम टिपनी नवागांव के मध्य मैन रोड पर गांव के उत्तम सिंह ने अपने स्कार्पियो सीजी 04 एचसी 3975 से मयंक के मोटर सायकल को पीछे अपराधिक मानव वध (मृत्यु कारित करने) करने का प्रयास कर अपने वाहन को आगे पीछे चलाते हुए मयंक एवं दुर्गेश को चोट पहुंचाया है कि प्रार्थी के लिखित आवेदन पर से उत्तम सिंह राजपूत के खिलाफ अपराध सदर धारा 308 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह ने आरोपी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं डीएसपी राजेश कुमार झा के मार्गदर्शन में थाना खम्हरिया प्रभारी निरीक्षक एएल चतुर्वेदी एवं थाना स्टाफ को अपराध विवेचना हेतु लगाया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान सूचना मिला कि उत्तम सिंह साजा न्यायालय में उपस्थित हुआ, न्यायालय से प्रकरण के संबंध में चर्चा कर अभियुक्त को जप्ती गिरफ्तारी करने हेतु अभिरक्षा में देने प्रतिवेदन पेश करने पर उत्तम सिंह को अभिरक्षा में दिये। उत्तम सिंह से उक्त घटना के संबंध में पुछताछ करने पर उक्त दिनांक घटना समय को अपने स्कार्पियो वाहन के सीजी 04 एचसी 3975 से घटना कारित करना बताकर ओनर एवं चालक प्रमाण पत्र देकर स्कार्पियो वाहन को पेश करने पर जप्त किया गया।

आरोपी उत्तम सिंह राजपूत पिता श्यामसिंह राजपूत उम्र 50 साल साकिन गाडाघाट थाना थानखम्हरिया जिला बेमेतरा का कृत्य अपराध सदर धारा का पाये जाने से 19 जुलाई को विधिवत गिरफ्तारी कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना खम्हरिया प्रभारी निरीक्षक एएल चतुर्वेदी,सहा. उप निरीक्षक केआर उइके, आरक्षक बलदेव निषाद, लेखराम सिन्हा, जगतारन नारंग एवं अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

जब कलेक्टर बने शिक्षक : दसवीं के विद्यार्थियों की लगाई क्लास, छात्रों को पढ़ाया अंग्रेजी

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने ग्रामीण इलाकों में प्रवास के दौरान दो अवसरों पर शिक्षक की भूमिका भी निभाई। उन्होंने आज बरौदा के आंगनबाड़ी केंद्र में छोटे बच्चों को सिखाये जा रहे शब्द ज्ञान और सामान्य ज्ञान को परखा तो बरबंदा के हाई स्कूल में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों की क्लास लगा दी। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ डॉ. रवि मित्तल, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहें।

बरौदा आंगनबाड़ी केंद्र में कलेक्टर ने छोटी बच्ची दीपाली को जंगलों मे मिलने वाले जानवरों की फोटो दिखाकर पहचानने को कहा। दीपाली ने शेर, मगरमच्छ, बंदर आदि सभी जानवरों को फोटो देखकर झट से पहचान लिया। डॉ भुरे ने इस पर खुशी ज़ाहिर की और सभी बच्चों का ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की भी प्रशंसा की।

कलेक्टर ने बरबंदा के हाई स्कूल में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों से अंग्रेजी विषय के बारे में पूछा। उन्होंने हिंदी वाक्यों का इंग्लिश में ट्रांसलेशन, टेन्स आदि की जानकारी विद्यार्थियों से ली। छात्रा रत्ना यादव से कलेक्टर ने आपने रहने के स्थान को इंग्लिश भाषा में बोर्ड पर लिखने को कहा। रत्ना ने आई लिव इन नेवरडिह लिखा। जिस पर कलेक्टर ने गलती सुधार के लिये विद्यार्थियों से प्रश्न किये और सही वाक्य रचना बताई। उन्होंने छात्र नागेश वर्मा से मैं दसवीं कक्षा में पढ़ता हूं। वाक्य को इंग्लिश में अनुवाद के लिए कहा। छात्र ने आई रीड़ इन टेन्थ क्लास लिखा। कलेक्टर ने इस पर समझाइश दी कि रीड किताब पढ़ने जैसी क्रिया के लिए उपयोग होता है, ऐसी जगहों पर स्टडी शब्द का प्रयोग किया जाना चाहिए।

डॉ. भुरे ने सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने और आगे बढ़ने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि इंग्लिश कोई कठिन भाषा नही है , बस निरंतर प्रैक्टिस से हम उसमें पारंगत हो सकते है। उन्होंने सभी शिक्षकों को भी पूरी गंभीरता से विद्यार्थियों को पढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों को मेहनत कर अच्छे अंको से पास होने की समझाइश दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने निलजा गौठान के निरीक्षण के दौरान महिला समूह द्वारा बनाये जा रहे वर्मी कम्पोस्ट खाद की जानकारी ली। उन्होंने गौठान में दूसरी आजीविका गतिविधियों के बारे में भी स्व सहायता समूह की अध्यक्ष से पूछा। समूह की अध्यक्ष ने बताया कि वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन कर बेचने से इस बार 4 लाख रुपये का व्यवसाय हुआ है। गौठान में अभी गोबर खरीदी, कम्पोस्ट निर्माण, चारागाह से लेकर मुर्गी पालन की गतिविधियां की जा रही है। कलेक्टर ने इस गौठान को आदर्श ग्रामीण इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित करने और आजीविका गतिविधियां बढ़ाने की कार्य योजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने गौठान में संचालित गतिविधियों से नियमित आय सुनिश्चित करने के लिए बड़े स्तर पर सब्जी उत्पादन, मुर्गी पालन, अंडा हेचरी स्थापना, बकरीपालन, मशरूम उत्पादन जैसे काम भी शुरू करने की सलाह दी।

खाली प्लाट के कारण मकान में सीपेज, नोटिस जारी

- **महापौर से सड़क क्षतिग्रस्त, गली में अंधेरा होने की शिकायतों का तत्काल किया निराकरण**

रायपुर/नवप्रदेश। मोर महापौर मोर द्वार अभियान के शनिवार को 23वें दिन श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड और वामनराव लाखे वार्ड में शिविर लगाया गया। जिसमें 1110 आवेदन और शिकायतें आई। जिनमें से 925 को तत्काल निराकृत कर लिया गया। वहीं 184 प्रकरणों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। एक प्रकरण को रिजेक्ट भी किया गया क्योंकि वह शिविर से संबंधित नहीं था।

श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड के भाठागांव में लगे शिविर में एक महिला ने बताया साई विला के पास उनके मकान के बगल में खुला प्लाट है। वहां बरसाती पानी जमा होने के कारण उनके मकान में सीपेज आ रहा है। जिस पर प्लाट मालिक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। भाठागांव चैक के पास एक निजी प्लाट में झोपड़ी बनाकर कब्जा होने की शिकायत आई तो उसे हटाने को आज ही कार्रवाई करायी गई। मठपुरैना के ज्योतिनगर में बिजली खबों पर लाइट नहीं होने की बात सामने आई तो वहां आज ही लाइटें लगवा दी गई। इधर दूसरी पाली में वामन राव लाखे वार्ड के शिविर में नागरिकों ने बताया कि वहां के एक गली की सड़क खराब हो गई है। जिस पर 2 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। कुशालपुर बाजार चैक के पास हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए 1 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। कुशालपुर के यादव पारा के नागरिकों की मांग पर वहां ओपन जिम लगाने के निर्देश दिए गए। पहाड़ी तालाब स्थित मंदिर के पास सड़क निर्माण के लिए एक लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। दोनों शिविरों में आय प्रमाणपत्र, राशन कार्ड, नया नल कनेक्शन, श्रम कार्ड बनाने जैसे आवेदन आए थे। जिन्हें तत्काल पूरा किया गया।

23 जुलाई 2022 शनिवार को नगर निगम जोन 6 के शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड क्रमांक 62 के सर्यू पारी भवन रिंग रोड, संजय नगर में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं जोन 6 के चंद्रषेखर आजाद वार्ड क्रमांक 60 के श्यामाप्रसाद मुखर्जी भवन मठपुरैना में मोर महापौर मोर द्वार कार्यक्रम के तहत 24 वें दिन दोपहर 2:30 बजे से संध्या 5:30 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जायेगा। इसके पूर्व महापौर एजाज ढेबर शिविर दिवस दिनांक 23 जुलाई 2022 शनिवार को निर्धारित समय सुबह 9 बजे से 11 बजे तक फोन नंबर 9111666201 अथवा 9301953201 पर शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड एवं चंद्रषेखर आजाद वार्ड के रहवासी लोगों से जनसमस्या एवं सुझाव को लेकर वार्ड के संबंध में सीधे चर्चा कर जनसमस्या और सुझाव प्राप्त करेंगे।

रायपुर कलेक्टर का सघन दौरा: गौठानों का किया अवलोकन, स्कूलों में देखी व्यवस्थाएं

रायपुर। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने जिले के चार गांवों का दौरा कर जन समस्याओं और मांगों की जानकारी ली। डॉ भुरे आज रिमझिम बारिश के बीच धरसींवा विकासखंड के बरौदा, बरबंदा, पथरी और निलजा गाँव पहुँचे। इन गॉवों में कलेक्टर ने गौठानों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्थानीय जनप्रतिनिधियों - निवासियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ग्रामीणों से ली और उनकी समस्याओं- मांगो के बारे में पूछा। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ डॉ. रवि मित्तल, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहें।

कलेक्टर ने बरौदा गांव पहुँचकर आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के लिए केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं का जायज़ा लिया। कलेक्टर ने सरपंच और महिला बाल विकास अधिकारी को आँगनवाडी के सामने पेवर ब्लाक लगाने के निर्देश दिए साथ ही बच्चों को दिए जाने वाले रेडी टू ईट पोषक आहार की भी जाँच की। कलेक्टर ने बरबंदा गाँव के गौठान का औचक निरीक्षण किया।

स्कूलों के आसपास के पान ठेलों पर शहर भर में निगम की कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम की टीमों द्वारा आज शहर भर में स्कूलों के आसपास के सिगरेट, गुटखा जैसे तम्बाकू उत्पादों को बेचते पाए जाने पर पान ठेलों को हटाने की कार्रवाई की गई। साथ ही किराना दुकानदारों से शपथपत्र भी भरवाया जा रहा है। महापौर एजाज ढेबर और निगमायुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर आज जोन 10 और जोन7 अमले द्वारा कोटपा एक्ट के तहत स्कूलों के 100 गज के नजदीक के ठेलों और दुकानों की जांच की गई। अमलीडीह स्कूल के पास 10 ठेलों को खदेड़ा गया। पुरैना स्कूल के पास किराना दुकानदारों से तम्बाकू उत्पाद नहीं बेचने की शपथपत्र भरवाया गया। रविग्राम के जेआर नायडू स्कूल के पास भी पान ठेलों को हटाया गया। इधर जोन 7 द्वारा कबीर चैक के पास स्थित प्राइमरी स्कूल और कर्मा चौक के पास स्थित पान ठेलों को हटाया गया। कल इसी तरह की कार्रवाई जोन 8 द्वारा भी गई। बाकी जोनों को भी इसी तरह की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने बारिश को देखते हुए कलेक्टरों, एसपी और निकायों को सतर्क रहने के दिए निर्देश

- **अंदरुनी ओडिशा के ऊपर और ज्यादा प्रबल हुआ चक्रीय चक्रवात का घेरा**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चक्रवाती बारिश को देखते हुए सभी जिला कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों और नगरीय निकायों को सतर्क रहने के दिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में जलभराव और बाढ़ जैसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन संबंधी सभी उपाय सुनिश्चित करने को कहा है। अंदरुनी ओडिशा के ऊपर और चक्रीय चक्रवात का घेरा और प्रबल हो जाने के कारण प्रदेश में सरगुजा संभाग को छोडकर शेष संभागो के जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश और एक दो स्थानों पर अति भारी वर्षा होने की प्रबल संभावना है। सीएम ने प्रदेश में हो रही लगातार बारिश को देखते हुए संभावित प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव के उपायों की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश सभी जिला कलेक्टरों को दिए हैं।

उन्होंने कहा कि जलभराव और बाढ़ की स्थिति में किसी भी तरह की विपरित परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी सतर्कता रखी जाए। लोगों के बचाव और उन्हें राहत पहुंचाने की सभी तैयारी भी रखी जाए। मुख्यमंत्री ने निचले और संभावित प्रभावित इलाकों में आपदा प्रबंधन दल को मुस्तैद रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आवश्यकता पड़ने पर प्रभावितों को तत्काल आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा है नदी नालों के जल स्तर पर लगातार निगरानी रखी जाए। इसकी जानकारी नियमित रूप से कंट्रोल रूम में दी जाए। जहां भी जलभराव और बाढ़ की स्थिति निर्मित हो सकती है वहां पूर्व से ही सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाए।

जिला कलेक्टरों से कहा है कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में नजदीक के भवनों में अस्थाई राहत शिविर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा मोचन बल सहित प्रभावित जिलों के जिला पुलिस बल, होमगार्ड, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत विभाग, लोक निर्माण, खाद्य विभाग, नगरीय निकायों आदि के अधिकारियों को भी सचेत एवं सतर्क रहने को कहा है।

डेंगू-मलेरिया से निपटने जोनवार अधिकारी नियुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम द्वारा बारिश के चलते डेंगू- मलेरिया जैसे जलजलित बीमारियों से निपटने के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिए निगम के स्वास्थ्य अधिकारी समेत 11 अधिकारियों के मोबाईल नम्बर भी सार्वजनिक किया गया है। अपने घरों के आसपास कीटनाशक दवा के छिड़काव हेतु नागरिक इन नम्बरों पर कॉल कर बुला सकते हैं। महापौर एजाज ढेबर और निगमायुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी विजय पांडे द्वारा सभी 10 जोनों के जोन स्वास्थ्य अधिकारियों के मोबाईल नम्बर जारी किया गया है। जोन क्रमांक 1 के उमेश नामदेव 7970003256 जोन क्रमांक 2 के रवि लावण्या 7247753287, जोन क्रमांक 3 के अब्दुल नफ िस 887111999, जोन क्रमांक 4 केसीएस श्रीवास्तव 7247752327, जोन क्रमांक 5 के भूषण लाल ठाकुर 8818372928, जोन क्रमांक 6 के संजीव शर्मा 9301953285, जोन क्रमांक 7 के बारेन बंजारे 7970003245, जोन क्रमांक 8 के ईश्वर टावरे 9300216707, जोन क्रमांक 9 के प्रवीण साहू 7987566250, जोन क्रमांक 10 के खेमलाल देवांगन 9300436275 से सम्पर्क कर आम नागरिक कीटनाशक दवा के छिड़काव के लिए निगम की टीम बुलवा सकते हैं। इनके साथ ही स्वास्थ्य अधिकारी पांडे 7247753252 से भी सम्पर्क कर सकते हैं।